# बड़ी खबर ...एक जुलाई से लागू नहीं होगी रेलवे की नई समय सारिणी, अब नए साल से होगा बदलाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

एक जुलाई से भारतीय रेलवे की नई समय सारिणी लागू करने के निर्णय को स्थगित कर दिया गया है। वर्तमान समय सारिणी को ही 31 दिसंबर तक विस्तार दे दिया गया है।

- वर्तमान समय सारिणी 31 दिसंबर तक रहेगी प्रभावी

अब नई समय सारिणी एक जनवरी से लागू होगी। ट्रेनें पुराने समय, नंबर, मार्ग और ठहराव पर यथावत चलती रहेंगी। रेलवे बोर्ड ने इस आशय का दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। मंडल व जोन ने रेलवे बोर्ड को ट्रेनों के समय को लेकर प्रपोजल बनाकर दे दिया है। रेल मंत्रालय, बोर्ड और जोनल स्तर पर ट्रेनों के समय और ठहराव आदि की समीक्षा कर रहा है।

समीक्षा के लिए रेलवे बोर्ड ने जुलाई और दिसंबर से लागू होने वाली नई समय सारिणी को स्थगित कर दिया है। जानकारी मुताबिक समीक्षा पूरी नहीं हुई तो समय सारिणी लागू होने का समय और आगे भी बढ़ सकता है। देशभर में कवच सिस्टम स्थापित करने के साथ गति बढ़ाने के लिए ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल का कार्य तेजी से चल रहा है, जिस वजह से ट्रेन लगातार लेट हो सकती है। जानकारी के मुताबिक रेलवे प्रशासन ने नई ट्रेनों को समय सारिणी में शामिल करने व समय में सुधार की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पिछले वर्ष एक अक्टूबर को लागू हुई थी।

**अलग खबर**

### 5 से 10 मिनट तक होगा बदलाव

रेलवे बोर्ड के निदेशक कोचिंग संजय आर नीलम ने सभी जोनल रेलवे को पत्र जारी कर कहा है कि वर्तमान समय सारिणी 31 दिसंबर तक प्रभावी रहेगी। एक जनवरी 25 से नई समय सारिणी लागू की जाएगी। रेलवे कनेक्टिंग ट्रेनों के यात्रियों के लिए दूसरे जोन की ट्रेनों को 5 से 10 मिनट तक जल्दी स्टेशन पहुंचने की मांग की गई है, ताकि एक ट्रेन के बाद दूसरी ट्रेन पकड़ने के लिए यात्रियों के पास पर्याप्त समय रहे। इस तरह उत्तर रेलवे की मांग पर जोन की लंबी दूरी वाली ट्रेनों के समय में बदलाव देखने को मिल सकता है, जिसमें छत्तीसगढ़, सारनाथ और साउथ बिहार समेत सिकंदराबाद का रायपुर पहुंचने का समय पहले से जल्दी हो सकता है।

### रेलवे बोर्ड के निदेशक कोचिंग ने सभी जोनल रेलवे को पत्र किया जारी



### वंदे भारत के समय में आंशिक बदलाव की संभावना

रेलवे की समय सारिणी में जोन की पहली वंदे भारत ट्रेन के समय में बदलाव हो सकता है। बिलासपुर से नागपुर के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस के समय में आंशिक बदलाव होने की बात कही जा रही है। जोन के कई रूट में दोहरीकरण और विद्युतीकरण हो जाने के बाद पिछले वर्ष दपूमरे ने कुछ महत्वपूर्ण ट्रेनों के ⏭ शेष पेज 15 पर

### बदलाव अभी नहीं

ट्रेन की समय सारणी में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है। नई समय सारणी लागू होने से सूचित किया जाएगा।

**- विकास कश्यप**
सीपीआरओ


छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.cgstate.gov.in

बी.एम. आई.टी.आई.
- कोपा
- इलेक्ट्रिशियन
- हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
- डीजल मैकेनिक
- फायर टेक्नालॉजी
- स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-03/07/24


## भागने वाले बच्चे चोरी, हत्या, रेप जैसे जघन्य अपराध के आरोपी

# माना बाल सुधार गृह से भागे 10 बच्चे खिड़की की ग्रिल तोड़ बनाया रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माना बाल संप्रेक्षण गृह से शनिवार तड़के 10 अपचारी बालक खिड़की की ग्रिल तोड़कर भाग गए। बच्चों के भागने की जानकारी मिलने पर संप्रेक्षण गृह प्रबंधन ने अपने स्तर पर बच्चों की पतासाजी की। खोजबीन के बाद भी बच्चे नहीं मिले, तो संप्रेक्षण गृह प्रबंधन ने घटना की जानकारी माना पुलिस को दी। भागने वाले बच्चों में चोरी, हत्या, रेप, आर्म्स एक्ट तथा मारपीट जैसे गंभीर अपराध के आरोपी हैं।पुलिस के मुताबिक संप्रेक्षण गृह से जो बच्चे भागे हैं, वो सभी एक ही सेल में रह रहे थे। संप्रेक्षण गृह से भागने के पूर्व बच्चों ने खिड़की में लगी ग्रिल को मोड़ने के बाद उखाड़ दिया। बताया ⏭ शेष पेज 15 पर

### आसानी से मिल जाता है नशे का सामान

संप्रेक्षण गृह में रहने वाले बच्चे सुरक्षाकर्मियों के साथ साठ-गांठ कर आसानी से बाहर से अपने लिए मादक पदार्थ मंगा लते हैं। साठ-गांठ होने की वजह से सुरक्षाकर्मी भी बच्चों को लेकर निश्चिंत रहते हैं। बच्चे इसी बात का फायदा उठाकर भागने की घटना को अंजाम देते हैं। गौरतलब है कि संप्रेक्षण गृह में जो सुरक्षाकर्मी तैनात किए जाते हैं, उनमें से ज्यादातर संविदा में हैं।



### शाम पांच बजे के बाद बच्चों की हुकूमत

संप्रेक्षण गृह में दिन के समय सब कुछ सामान्य रहता है, शाम पांच बजे अफसरों के जाने के बाद संप्रेक्षण गृह सुरक्षाकर्मियों के भरोसे रहता है। इस बात का फायदा उठाकर शरारती बच्चे संप्रेक्षण गृह में उत्पात मचाने के साथ अन्य बच्चों को परेशान करने का काम करते हैं। संप्रेक्षण गृह की स्थिति ऐसी है कि शरारती बच्चों से सुरक्षा में तैनात गार्ड भी खौफ खाते हैं।

### इसलिए भागने में कामयाब होते हैं बच्चे

गौरतलब है कि माना बाल संप्रेक्षण गृह का भवन काफी जर्जर हो चुका है। इसके साथ ही संप्रेक्षण गृह के जो सेफ्टी वाल हैं, उसकी ऊंचाई कम है। इस बात का फायदा उठाकर बच्चे संप्रेक्षण गृह की खिड़की में जंग लगी ग्रिल को आसानी से तोड़ देते हैं और दीवार की ऊंचाई कम होने का फायदा उठाकर संप्रेक्षण गृह से भागने की घटना को अंजाम देते हैं।

### कई बच्चों के बालिग होने की खबर

संप्रेक्षण गृह से भागने वाले बच्चों के बारे में संप्रेक्षण गृह प्रबंधन ने पुलिस को जो जानकारी दी है, उनमें बच्चों की उम्र 16 से 18 वर्ष के बीच बताई गई है, सूत्रों के मुताबिक संप्रेक्षण गृह से जो बच्चे भागे हैं, उनमें से कई बच्चे बालिग हो गए हैं। संप्रेक्षण गृह प्रबंधन ने जो बच्चे बालिग हो गए हैं, उनके बारे में कोर्ट तथा संबंधित विभाग को कोई जानकारी नहीं दी है।

## खबर संक्षेप

### ढाबे में शराब की अवैध बिक्री, एक गिरफ्तार

**रायपुर।** माना पुलिस ने ढाबे में अवैध रूप से शराब बिक्री करने के मामले में कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली कि माना क्षेत्र में स्थित आरएस ढाबा में अवैध रूप से शराब बिक्री की जा रही है। सूचना पर पुलिस ने वहां छापा मारा। इस दौरान ढाबा से 54 पौवा अंग्रेजी शराब, 15 बोतल बीयर बरामद की। जब्त शराब की कुल कीमत साढ़े 14 हजार रुपए है।

## बृजमोहन बोले- आरंग की घटना मॉब लिंचिंग नहीं तस्करों पर हो कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सांसद पद की शपथ लेने के बाद रायपुर लौटने पर रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल का उनके समर्थकों ने विमानतल पर जोरदार स्वागत किया। पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री अग्रवाल ने आरंग में हुई घटना को लेकर कहा, यह मॉब लिंचिंग नहीं है। इसको मॉब लिंचिंग का नाम देना गलत है। उन्होंने कहा, एक विशेष वर्ग गायों की तस्करी कर रहा है। गायों के तस्करों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

- सांसद पद की शपथ लेने के बाद रायपुर लौटने पर जोरदार स्वागत

### कोई गड्ढे में कूद गया तो मॉब लिंचिंग कैसे हुई

आरंग की घटना को लेकर पिछले दिनों रायपुर में हुए बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के प्रदर्शन को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, कोई गड्ढे में कूद गया है और उसकी मृत्यु हो गई, तो इसे कैसे मॉब ⏭ शेष पेज 15 पर

# जनरल वार्ड के मरीजों का बीजू कार्ड से आईसीयू में इलाज, आठ अस्पतालों पर लटक रही तलवार


आयुष्मान ही नहीं, बीजू कार्ड में भी खेल, ओडिशा तक अस्पतालों के एजेंट, वाहनों में भरकर लाए जा रहे मरीज


ओडिशा से लाए गए मरीज की निजी अस्पताल में मौत के बाद हंगामा, नाराज परिजनों को डाक्टरों ने पीटा


बीजू कार्ड का खेल....पैर में दर्द और छाती का आपरेशन, ओडिशा की नोडल एजेंसी कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना की तरह बीजू स्वास्थ्य कार्यक्रम में भी सामान्य समस्या वाले मरीजों का इलाज आईसीयू में किया गया था। इस मामले में आठ अस्पतालों पर कार्यवाही की तलवार लटक रही है। इन अस्पतालों से शो कॉज नोटिस में मिले जवाब पर मंथन का काम चल रहा है। जिन अस्पतालों को जांच के दायरे में रखा उनमें कुछ मल्ट स्पेशलिटी हास्पिटल राजधानी से संबंधित है।

- शो कॉज नोटिस का मिल चुका जवाब, कार्रवाई पर मंथन
- कुछ मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल राजधानी से संबंधित

आयुष्मान की तुलना में दो गुना अधिक राशि वाले बीएसकेवाय से ओडिशा के मरीजों के इलाज को राजधानी के कई बड़े अस्पतालों ने प्राथमिकता में ले रखा है। मरीजों को रिझाने और आकर्षित करने के लिए इनके द्वारा ओपीडी में निशुल्क जांच की योजना भी संचालित कर रखी है। पिछले दिनों जिस अस्पताल में गड़बड़ी मिली थी वहां तो मरीज की दूसरी बीमारी का ही इलाज कर दिया गया था और हालत बिगड़ने पर उसने दम तोड़ दिया था। इस अस्पताल के साथ रायपुर जिले से जुड़े आठ अन्य अस्पतालों पर भी कार्रवाई लंबित है। बीजू स्वास्थ्य कार्यक्रम योजना से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक नोटिस, जवाब का काम पूरा हो चुका है अब इन अस्पतालों पर की जाने वाली कार्यवाही के लिए गड़बड़ी की गंभीरता पर विचार किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि फैसला शीघ्र लिया जाएगा क्योंकि वहां स्वास्थ्य योजना के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों की एक बड़ी टीम जिम्मेदारी संभाल रही है।

### यहां अब तक चार पर कार्रवाई

हाल ही में आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में सामान्य समस्या वाले मरीजों को गंभीर बताकर पैकेज ब्लाक करने के मामले में नोडल एजेंसी द्वारा चार अस्पतालों पर जुर्माना, निलंबन की कार्यवाही की गई है। मामला सामने आने के बाद जिन अस्पतालों को नोटिस जारी किया गया था उनमें राजधानी समेत रायपुर जिले के भी बड़े अस्पताल शामिल थे मगर एक्शन दुर्ग, राजनांदगांव, गरियाबंद और महासमुंद जिले के अस्पतालों पर लिया गया है।

### भुगतान का रोना, मगर लाइन भी लंबी

स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत मरीजों के उपचार के बाद मिलने वाली राशि के भुगतान में देरी का रोना निजी अस्पतालों द्वारा अक्सर रोया जाता है। इसके बाद भी योजना के तहत मरीजों का इलाज करने के लिए इंपैनल्ड सूची में शामिल होने लंबी लाइन लगी रहती है। अभी भी बड़ी संख्या में ऐसे अस्पतालों के आवेदन लंबित है जिस पर अंतिम विचार के लिए जिला स्तर पर उनकी निगरानी की जा रही है।

## एक ही चूल्हे, बर्तन व किचन में वेज-नॉनवेज

# अशोका बिरयानी को सात दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर के मोहबा बाजार स्थित अशोका बिरयानी रेस्टोरेंट में फूड वेज में मांस निकलने की शिकायत के बाद खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने वहां जांच-पड़ताल की। इस दौरान टीम को किचन में खामियां भी मिली हैं। किचन में एक फ्रीज में वेज और नॉनवेज दोनों रखे हुए थे, जिसकी विभाग के अधिकारियों ने पुष्टि की है। गाइड लाइन के अनुसार अगर किचन एक है, तो वेज और नॉनवेज बनाने का चूल्हा से लेकर खाना बनाने के सभी बर्तन, यहां तक कि ग्राहकों को जिस थॉली ⏭ शेष पेज 15 पर

- खाद्य एवं औषधि विभाग ने जांच के बाद बिरयानी सेंटर के मैनेजर को थमाया नोटिस


पालक पनीर की सब्जी में निकला मांस का टुकड़ा अशोका बिरयानी में हंगामा, जांच के लिए पहुंची टीम

### 7 दिन में व्यवस्था नहीं सुधारने पर निलंबित होगा लाइसेंस

विभाग ने बिरयानी रेस्टोरेंट के मैनेजर को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में मैनेजर को किचन में व्यवस्था सुधारने के लिए सात दिन का समय दिया गया है। इन सात दिनों में अगर व्यवस्था सुधारी नहीं गई, तो रेस्टोरेंट का लाइसेंस निलंबित किया जाएगा। विदित हो कि अशोका बिरयानी के ⏭ शेष पेज 15 पर

### बासी खाना भी गर्म करके परोसा जा रहा

खाद्य एवं औषधि विभाग के एफएसओ ए. तिग्गा ने बताया कि महोबा बाजार स्थित अशोका बिरयानी के खिलाफ हमें शिकायत मिली थी, जिसमें एक ग्राहक को परोसी गई वेज थाली में नॉनवेज का टुकड़ा आ गया था। इस शिकायत के बाद टीम ने बिरयानी सेंटर की जांच की। इस जांच में किचन में रखे फ्रीजर में वेज और नॉनवेज दोनों फूड पाए गए। फ्रीजर में बड़ी मात्रा में बासी खाना भी पाया गया। इससे पता चलता है कि बिरयानी सेंटर में ग्राहकों को वेज और नॉनवेज की थॉली परोसे जाने में जहां लापरवाही की जा रही है, वहीं बासी खाना भी गर्म करके परोसा जा रहा है।




## 75 प्रतिशत महिलाओं को महतारी वंदन की चौथी किस्त नहीं मिली

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, महतारी वंदन में 75 प्रतिशत महिलाओं को चौथी किस्त की राशि अभी तक नहीं मिली है। जुलाई में महतारी वंदन की पांचवी किस्त महिलाओं के खाते में आना है, लेकिन जून का पैसा अभी तक अप्राप्त है। लोकसभा चुनाव में वोट लेने के बाद बड़ी संख्या में महिलाओं को अपात्र बताकर उनका नाम लाभार्थी की सूची से हटाने का सरकार षड़यंत्र कर रही है। उन्होंने पूछा कि तीन किस्त जिनके खाते में गई थी, वे अब चौथी किस्त में अपात्र कैसे हो जाएंगी? यदि अपात्र थीं, तो तीन माह का पैसा क्यों दिया गया? सरकार महतारी वंदन योजना की चौथी किस्त कितनी महिलाओं के खाते में डाली गई, उसे सार्वजनिक करे। उन्होंने कहा, भाजपा की नीयत में खोट आ गया है, आगे सभी महिलाओं के खाते में पैसा आयेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है।

# नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी, भाजपा लोस चुनाव में हुए मतदान की एक-एक बूथ की बना रही कुंडली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव को लेकर भाजपा ने अभी से तैयारी प्रारंभ कर दी है। इसके लिए भाजपा के प्रदेश संगठन ने लोकसभा चुनाव में एक-एक बूथ में मिले मतों को लेकर रिपोर्ट बनाने का काम प्रारंभ किया है। इसके लिए विधानसभा और जिलेवार एक-एक नेता को जिम्मा दिया गया है। रायपुर का जिम्मा जहां पूर्व सांसद चंदूलाल साहू को दिया गया है, वहीं महासमुंद का जिम्मा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव को दिया गया है। सभी जिम्मेदार नेता अपने-अपने जिलों में बैठकें लेकर बूथों की रिपोर्ट बनवाने का काम कर रहे हैं। इसी के साथ संगठन के आने वाले समय में होने



वाले कार्यक्रमों के लिए भी तैयारी कर रहे हैं। इसमें मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम अहम है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के हाथ 11 में से 10 सीटें लगी हैं। इतना सब होने के बाद भी भाजपा प्रदेश ने हर लोकसभा का विश्लेषण कराने का काम प्रारंभ किया है। इसके पीछे सबसे कारण आने वाले समय में होने वाला नगरीय निकाय चुनाव है। भाजपा अब अपनी पूरी ताकत नगरीय निकाय चुनाव में झोंकने की तैयारी में है।

### बूथों की बन रही कुंडली

प्रदेश में करीब 25 हजार बूथ हैं। लोकसभा चुनाव में किस बूथ में कितने मत मिले हैं इसको लेकर पूरी जानकारी एकत्रित की जा रही है। प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों के साथ पूर्व सांसद, विधायक और अन्य नेताओं को एक-एक जिला देकर उनसे बैठकें लेने कहा गया है। सभी नेता बैठकें लेने में जुट गए हैं। प्रदेश संगठन के महामंत्री संजय श्रीवास्तव को महासमुंद जिला मिला है। इस जिले की लोकसभा की विधानसभाओं के एक-एक बूथ की कुंडली बनाने का काम करने के लिए बैठक ली गई है। इसी तरह से हर लोकसभा के विधानसभाओं के बूथों की कुंडली तैयार की जा रही है। इसमें देखा जा रहा है कि किस बूथ में कितने वोट मिले हैं। जिन बूथों में कम वोट मिले हैं, उनकी सूची बनाकर संगठन के सामने रखी जाएगी। इसी के साथ भी रिपोर्ट रखी जाएगी कि बूथों में कम वोट मिलने का कारण क्या रहा है।

# केंद्रीय परियोजनाओं को तेजी से पूर्ण करने जिला कलेक्टर राजस्व प्रकरणों का करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने छत्तीसगढ़ में संचालित केन्द्रीय परियोजनाओं में सड़क, ऊर्जा, मोबाइल टॉवर, रेलवे और खनिज से संबंधित परियोजनाओं के कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा, इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का कार्य तेजी से पूर्ण करने के मद्देनजर परियोजनाओं से संबंधित भू-अर्जन, मुआवजा सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें।

मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य सचिव ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग प्राधिकरण तथा भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत विभिन्न सड़क परियोजनाओं के कार्यों के संबंध में जिलों के कलेक्टरों से जानकारी ली। परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन, मुआवजा, नामांतरण, बटांकन और अवार्ड प्रकरणों सहित वन भूमि के प्रकरणों पर शीघ्रता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह से कांकेर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और नारायणपुर जिले में जहां मोबाइल टॉवर लगाना आवश्यक है, वहां सभी आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करें।

### खनन परियोजनाओं के लिए करें आवश्यक कार्यवाही

बैठक में बिलासपुर-उरगा, बिलासपुर से पथरापाली, सिमगा से सारागांव बिलासपुर, 6 लेन रायपुर से विशाखापटनम, धमतरी-कांकेर-बेडमा-दाहिकोंगा, सड़क परियोजनाओं सहित अन्य सड़क परियोजनाओं के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। इसी तरह से एनटीपीसी, रेलवे परियोजनाओं के अंतर्गत ईस्ट-वेस्ट रेलवे, साउथ ईस्ट कोल फील्ड लिमिटेड के अधिकारियों से परियोजनाओं के कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने इस संबंध में आ रही विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए कोरबा और रायगढ़ जिले के कलेक्टरों को आवश्यक निर्देश दिए।

# शिक्षा भूमि

Admission OPEN

## शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रारंभ

नई शिक्षा यात्रा की शुरुआत का समय आ गया है, क्योंकि स्कूल और कॉलेजों के नए सत्र में प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। विद्यार्थी और उनके अभिभावक आगामी शैक्षणिक वर्ष की तैयारियों में व्यस्त हैं। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों ने प्रवेश प्रक्रियाएं शुरू कर दी हैं, जिसमें ऑनलाइन आवेदन, प्रवेश परीक्षाएं और काउंसलिंग सत्र शामिल हैं। विद्यालयों में, नए शैक्षणिक सत्र के लिए किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने का सिलसिला जारी है। विद्यार्थियों में नए दोस्तों से मिलने और नए विषयों को सीखने का उत्साह देखा जा सकता है। वहीं, कॉलेजों में भी नए कोर्स, फैकल्टी और कैंपस लाइफ की तैयारियों का माहौल है। कई कॉलेजों ने नए सत्र के लिए स्वागत कार्यक्रम और ओरिएंटेशन सेमिनार का आयोजन किया है, जिससे नए विद्यार्थियों को संस्थान और उसके नियमों से परिचित कराया जा सके।

Contact for Advt. 7987119756

सफलता के सूत्र :- ★ संकल्प ★ साधना ★ समर्पण
छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज के महाराजाधिराज अग्रसेन शिक्षण समिति द्वारा संचालित
स्व. कमला देवी नकछेद प्रसाद स्मृति
अग्रसेन महाविद्यालय
[NAAC Accredited, Recognised Under UGC Act 2(f) & 12B]
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय एवं कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार वि.वि. से संबद्ध
ADMISSION OPEN
उपलब्ध पाठ्यक्रम...
B.Com | B.Com Computer | BBA | M.Com | Ph.D Commerce | BCA | DCA | PGDCA | B.Sc. Computer Science | BA JMC | B.Sc. Electronic Media | PGDJ | MSW | PGD IN YOGA
विशेष छात्रवृति छुट
सत्र 23-24 में कक्षा 12वीं में उत्तीर्ण छात्रों को शिक्षण शुल्क में छुट..
75% से 85% अंक - 25%
85.01% से 95% अंक - 50%
95.01% व अधि अंक- 75%
जैतुसाव मठ परिसर, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)
0771 4904913, 7777884998, 8871007980, 9229207980
WIFI CAMPUS | E-LIBRARY WITH 9600 E-BOOKS | SEMINAR & WORK SHOPS | PDP & ENGLISH CLASSES

nifd GLOBAL RAIPUR
ADMISSIONS OPEN For Creative Enthusiasts
Courses Offered
4/3/2 & 1 Year Courses in
Fashion & Interior Design
Visit- nifdraipur.com
Contact- 808-55555-11, 808-55555-33
Address- 3rd Floor, Chandra Planet Complex, Near Ashoka Millennium, Ring Road No. 01, Raipur (C.G.)

Vardhman
English Medium Hr.Sec. School
Kasar Gali, Satti Bazar, Raipur | 7222961022
Nursery to XII (All Sub.)
Maths, Bio, Commerce

Vardhman The School
Nahar Road, Krishna Nagar, Santoshi Nagar, Raipur | 7067512884

## खबर संक्षेप



### खम्हरिया स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाया

**आरंग।** शासकीय प्राथमिक शाला खम्हरिया में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। साथ ही न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में सभी बच्चों के चहरों में मुस्कान की झलक रही। इस दौरान सरपंच ललिता कौशिक पाटिल, अध्यक्ष गजेन्द्र कुमार वर्मा, उपसरपंच भुवन लाल वर्मा, दिलीप वर्मा, भागवत निशाद, योगेश निशाद, चैतुराम वर्मा, जेठूराम निशाद, बल्ला निशाद शिक्षिका एवं सभी बच्चें उपस्थित थे।

### बकतरा विद्यालय में मनाया प्रवेशोत्सव

**मंदिर हसौद।** 29 जून को शासकीय हाई स्कूल बकतरा वि .ख.आरंग में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम बकतरा के सरपंच रश्मिका धीवर, पंच में गजाधर बैस ,शाला विकास सदस्य मलिक राम पटेल. ओंकार पटेल एवं ग्राम बकतरा के गणमान्य नागरिक संकुल समन्वयक , विद्यालय के सभी व्याख्याता शिक्षक एवम् प्राचार्य सुश्री के. वी. रेवती उपस्थित रहे इस अवसर पर नवप्रवेशित बच्चों का मुंह मीठा कर गुलाल लगाकर पाठ्य पुस्तक एवम् गणवेश दिया गया।

### ताइक्वांडो संघ ने किया बेल्ट पदोन्नति परीक्षा का आयोजन



**आरंग।** छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ द्वारा आरंग मार्शल आट्र्स क्लब में बेल्ट पदोन्नति परीक्षा अयोजित किया गया। जिसमे क्लब में सभी खिलाड़ियों बालक वर्ग में क्रिशु पटेल, धनराज कहार, मयंक यादव, डागेश्वर साहू, आयुष्मान शर्मा, अभिषेक जैन, समीर खान, साहिल पाल, भावेश साहू, मिहिर साहू, आर्यन साहू, अखिल कुशवाहा, वेदांत सोनकर, नवीन सोनकर बालिका वर्ग में यशस्वी शर्मा ने भाग लिया, सभी खिलाड़ियों ने परीक्षा में अपना श्रेष्ठ प्रर्दशन दिया। इस अवसर पर आरंग के जनप्रतिनिधि वरिष्ठ नेता के.के. भारद्वाज, सालिक साहू, विनोद साहू, गोविंद साहू, गुलशन साहू, खूबचंद साहू, प्रदेश ताइक्वांडो संघ सचिव संतोष निर्मलकर, जग्गू, आरंग युवा एवं खेल संगठन संरक्षक योगेंद्र चंद्राकर, अध्यक्ष अमन साहू, उपाध्यक्ष लोकेश साहू, आरंग मार्शल आट्र्स क्लब से प्रशिक्षक मानसी साहू, नटवर निषाद, खिलाड़ी और अभिभावक उपस्थित थे।

### बस्ताविहीन दिवस पर बच्चों ने किया योगा

**आरंग।** शासकीय पुत्री कन्या शाला सदर रोड आरंग में शनिवार को सेवानिवृत प्रधान पाठक विनोद कुमार गुप्ता द्वारा छात्रओ को योग कराया गया। जिसमें ओम के नाद व गायत्री मंत्र एवं महामृत्युजय मंत्र के साथ योग का प्रारंभ हुआ। तत्प"चात सूर्य नमस्कार के बारह चरण 5 बार तथा प्रणायाम में भस्त्रीका, कपाल भाति, ब्रहाय प्रणायाम, अनुलोम विलोम, भामरी उदगीत प्रणव कराया गया। बच्चों में तन–मन व शरीर की शुद्धि, रक्त संचार, स्मरण शक्ति बढ़ाने, अध्यन मनन, चिंतन शक्ति जागृत करने के उद्देश्य से योग कराया गया।

---

कालोनी में बाहरी लोगों को देख पुलिस भी अचंभे में

# बीएसयूपी कालोनी में पुलिस का छापा मकानों में रहने वाले ज्यादातर दूसरे राज्यों के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आवासहीन तथा झोपड़पट्टी में रहने वाले लोगों के लिए बनाई गई बीएसयूपी कालोनी में शनिवार को तड़के सौ से ज्यादा पुलिस अफसर, कर्मियों की टीम छापे की कार्रवाई करने पहुंची। पुलिस ने मौके पर पाया कि बीएसयूपी कालोनी में जिन लोगों को मकान अलाट हुआ है, वहां वह नहीं रहे रहे हैं, जिनके नाम पर मकान है। उन लोगों ने अपने मकान को किराए पर दे दिया है। बीएसयूपी कालोनी में जो किराए पर रहने वाले हैं, उनमें ज्यादातर लोग दूसरे राज्य के हैं, जिनका रिकार्ड पुलिस के पास भी नहीं है। गौरतलब है कि अपराध पर अंकुश लगाने एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर एएसपी पश्चिम डीआर पोर्ते, सीएसपी प्रशिक्षु आईपीएस अमन कुमार झा, सीएसपी राजेश कुमार देवांगन, सात थानों के टीआई के साथ सौ पुलिसकर्मियों की टीम भाठागांव स्थित बीएसयूपी कालोनी में छापा की कार्रवाई करने पहुंची। मौके पर पहुंचे पुलिस अफसरों की टीम ने पुराने हिस्ट्रीशीटर बदमाशों के साथ अपराध में संलिप्त बदमाशों को अपराध से दूर रहने की समझाइश दी। साथ ही बदमाशों को जरूरत पड़ने पर थाना बुलाने पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए कहा।

■ बाहर से आकर रहने वाले लोगों से पुलिस ने जानकारी मांगी

### ज्यादातर लोग सत्यापित नहीं

छापे की कार्रवाई करने पहुंची पुलिस ने कालोनी में रहने वाले लोगों से उनके बारे में जानकारी मांगी, तो उनमें से 80 फीसदी लोगों का सत्यापन नहीं हुआ था। इसके बाद पुलिस ने ऐसे लोगों को किराएदार फार्म देकर अपना सत्यापन कराने के लिए कहा है। साथ ही जो बाहर से आकर रहने वाले हैं,।



### ज्यादातर ऑटो चालक, लेबर का काम करने वाले

बीएसयूपी कालोनी में किराए में रहने वाले ज्यादातर लोग ऑटो चलाने के साथ मजदूरी का काम करते हैं। पुलिस को आशंका है कि बीएसयूपी कालोनी में ऐसे लोग भी निवास कर रहे हैं, जिनका पुलिस वेरिफिकेशन नहीं हुआ है। उनमें अपराधी प्रवृत्ति के लोग भी शामिल हैं। पुलिस अफसरों के पास पुलिस वेरिफेकशन रिपोर्ट आने के बाद संदिग्ध तथा अपराधिक प्रवृत्ति में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज की जाएगी।

### जांच करने नहीं पहुंचते निगम अफसर

गौरतलब है कि बीएसयूपी तथा ईओडब्लूएस मकान जिन लोगों के नाम पर अलॉट रहता है, वह व्यक्ति अपने नाम के मकान को किसी दूसरे को किराए पर नहीं दे सकता। इसकी निगरानी करने की जिम्मेदारी नगर निगम के साथ संबंधित जोन के अफसरों की है। निगम तथा जोन के अफसरों ने इन मकानों की निगरानी करने अब तक कोई व्यवस्था नहीं की है, जिसकी वजह से बीएसयूपी तथा ईओडब्लूएस मकान के मालिकों ने अपने मकान को किराए पर दे दिए हैं। इसका फायदा अपराधी तत्व के लोग भी उठाते हैं और अपने राज्य में अपराध करने के बाद छिपने के लिए बीएसयूपी मकान किराए पर लेकर रहते हैं।

---

## तिल्दा-सरोरा-सांकरा मार्ग की मरम्मत फौरन करें: जिपं सभापति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



■ भारी वाहनों के चलने से सड़क हुई जर्जर, विद्यार्थियों को आवागमन में होगी परेशानी

तिल्दा सरोरा सांकरा मार्ग अत्यंत ही खराब है उक्त मार्ग पर 24 घंटे क्षमता अधिक भार वाली गाड़ियां चलने से सड़क की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है। राजू शर्मा जिला पंचायत सभापति ने शासन को बरसात के पहले उक्त मार्ग का निर्माण किया जाए। शर्मा ने कहा कि उक्त मार्ग का आलम यह है कि बरसात से पहले उसकी रिपेयरिंग नहीं की गई तो आने वाले दिन में किसान छात्र-छात्राएं तिल्दा मुख्यालय में आना-जाना मुश्किल हो जाएगा।

उक्त संबंध में पीडब्ल्यूडी विभाग से संपर्क करने पर प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त नहीं होने की जानकारी दी है उक्त मार्ग को मुख्यमंत्री द्वारा 10 किलोमीटर सांकरा तिल्दा चौड़ीकरण की घोषणा डामरीकरण की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी 1 साल बीत जाने के बाद भी उक्त मार्ग को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है वर्तमान में उक्त मार्ग रिपेयरिंग के लायक भी नहीं है लगभग 10 साल पहले उक्त सड़क का निर्माण किया गया था जब उक्त सड़क पर दबाव काफी कम था परंतु वर्तमान समय में रायपुर बिलासपुर हाईवे से तिल्दा आने के लिए एक मात्र साधन है वर्तमान समय में उक्त मार्ग में संभव महिंद्रा मिलियन हाईटेक अल्ट्राटेक सीमेंट अनेक उद्योग एवं राइस मिल होने के कारण 24 घंटा कम से कम 60 टन वजन के भारी वाहनों के कारण उक्त मार्ग पूर्णता जर्जर होकर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं।

सरोरा गांव के अंदर से निकलने से अनेक एक्सीडेंट हो चुके हैं उप मार्ग में 10 से 15 फीट के लंबा गड्ढा हो चुका है जिससे आने जाने वाले दो पहिया वाहन तिल्दा अनुभागी कार्यालय महाविद्यालय में छात्र-छात्राएं तिल्दा विकासखंड तहसील कार्यालय दो पहिया वाहन में आने वाले अनेक लोग एक्सीडेंट का शिकार हो चुके हैं।

---

# कुष्ठरोग मिटाने के लिए ग्रामीण युवाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**आरंग।** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद भारत सरकार द्वारा समाज के जनभागीदारी से कुष्ठरोग को मिटाना है का संकल्प लेकर ब्लाक स्तर में ग्रामीण युवाओं को कुष्ठ रोग के संबंध में शुक्रवार को सतनाम भवन आरंग में वृहत स्तर पर जानकारी व प्रशिक्षण दिया गया। जहां ग्रामीण क्षेत्र से उपस्थित 36 शिक्षित युवक–युवती का कुष्ठ रोग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत समाज में कुष्ठ रोग के प्रति फैली भ्रांतियां, प्रारंभिक अवस्था में कुष्ठ की खोज एवं उपचार तथा समाज में कुष्ठ रोग के मरीज जीरो हो। इस संबंध में ग्रामीण क्षेत्र से उपस्थित युवक–युवती ने उत्सुकता दिखाते हुए कुष्ठ रोग के संबंध में विभिन्न प्रकार के प्रश्न किए। युवक–युवती को उनके प्रश्नों के उत्तर डॉ. पीआर धृतलहरे ने दिया तथा कुष्ठ रोग के संबंध में अन्य जानकारियां भी दिया गया। प्रशिक्षण में सर्वे के माध्यम से जन जागरूकता अभियान चलाया जाना है।



कुष्ठ रोग प्रशिक्षण कार्यक्रम में पूर्व सीएमओ डॉ. पीआर घृतलहरे, डॉ. श्वेता सोनवानी जिला कुष्ठ अधिकारी, डॉ. राखी चौहान जिला सलाहकार, डॉ. शैलेश दलवी प्रकल्प प्रमुख, डॉ. एमएस राजू सलाहकार, विजय लक्ष्मी अनंत बीएमओ, डॉ. राहुल चोपड़ा दंत चिकित्सक, पूनमचंद यादव रिसर्च कोऑर्डिनेटर, आईसीएमआर, दीपक कुमार मिरे, बीपीएम भरत लाल साहू एनएमए उपस्थित रहे।

### ओपन परीक्षा में हेमा को मिले 70 प्रतिशत अंक



**आरंग।** पढ़ाई की धारा में पुनः शामिल होने का सुंदर माध्यम छत्तीसगढ़ राज्य ओपन परीक्षा है। इसका उदाहरण तब देखने को मिला जब हेमा साहू पिता घनश्याम साहू जोरा रायपुर ने मार्च अप्रैल 2024 में कक्षा 12वीं कला संकाय ओपन की परीक्षा शासकीय अरुंधती देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग से दी। उसकी खुशी तब देखने को मिली जब उसने 70 प्रतिशत अंक अर्जित किया। ज्ञात हो कि पूर्व में छात्र 12वीं विषय में फेल होने के कारण बहुत निराश थी, तब उसे ओपन परीक्षा की जानकारी मिली और उसने कड़ी मेहनत की। इस अवसर पर उनकी इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य हरीश शर्मा, प्रभारी ओपन लोकेश्वर साहू, व्याख्याता कमलेश साहू, उमाशंकर यादव एवं शिक्षक अरविंद कुमार वैष्णव, सीएसी पोखन साहू ने उन्हे बधाई दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार दसवीं में 340 परीक्षार्थियों में 190 उत्तीर्ण हुए जबकि 12वीं में 410 में से 170 को सफलता मिली।

### 26 किलो गांजा जब्त, 5 अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार



**अभनपुर।** निजात अभियान के तहत अभनपुर पुलिस द्वारा अवैध गांजा की तस्करी करते 5 अंतर्राज्यीय आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी सिद्धेश्वर प्रताप सिंह के नेतृत्व में की गई कार्यवाही में दो कार सहित कुल 26 किलो गांजा कीमत 2 लाख 60 हजार जप्त किया गया। सभी आरोपी उड़ीसी के रहने वाले है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर द्वारा दो कार के माध्यम से उड़ीसा से गांजा परिवहन कर अन्य राज्य में खपाए जाने की सूचना मिली जिस पर पुलिस ने अभनपुर-रायपुर मुख्य मार्ग पर घेराबंदी कर आरोपियों को दबोचा। आरोपी अजय विश्वास 27, शंकर विश्वास 37, सुरज गयेन 19, रामप्रसाद उराव 24, विद्युत राय 26 वर्ष कार क्रमांक डीएल 09 सीडब्ल्यु 3404 एवं ओडी 02 सीबी 4022 से उड़ीसा के गांजा लेकर आ रहे थे। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते जेल भेज दिया गया है।

---

एफएलएन प्रशिक्षण भाषा, पिक्चर एवं प्रतीक को समझाने का बेहतर उपाय

# शिक्षकों ने गणित को समझा और सिखाने की ली चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर के मार्गदर्शन में एफएलएन प्रशिक्षण के चौथे चरण के द्वितीय दिवस पर मास्टर ट्रेनरों ने गणित शिक्षण पर फोकस करते हुए एलाइनमेंट अर्थात शिक्षक संदर्शीका, अभ्यास पुस्तिका एवं पाठ्य पुस्तक से समन्वय कर पढ़ने में बच्चों के तेजी से सीखने को नवाचार बताया तथा शिक्षकों ने भी समूह गतिविधियां करते हुए गणित चर्चा, प्रस्तुतीकरण, संप्रेषण, तार्किक रवैया एवं सकारात्मक सोच के अनेक लाभ बताएं वही भाग गुणन योग एवं अंतर संक्रियाओं पर सरलीकरण के टिप्स दिए गए। एफएलएन अर्थात फाउंडेशन लर्निंग एनसीएफ (नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क), ईएलपीएस अर्थात अनुभव, भाषा, पिक्चर एवं प्रतीक को सीखने का सशक्त माध्यम बताया। वहीं कई रोचक गतिविधि जैसे छिपे अंक का पता लगाना, जन्मतिथि जानना, अंको से जीवन शैली एवं दैनिक जीवन की वस्तुओं से गणित शिक्षण तथा स्तर के अनुसार वास्तविक शिक्षण देना एवं अमूर्त से मूर्त की ओर बढ़ना आदि पर प्रशिक्षण के साथ अभिनय नृत्य से प्रस्तुतीकरण भी हुआ। इस अवसर पर सभी शिक्षकों ने समझ के साथ गणित को सिखाने की चुनौती स्वीकार की तथा मास्टर ट्रेनर अमित अग्रवाल, सुमन चतुर्वेदी, डोमन डहरिया, विश्राम बंजारे, युवराम साहू, रितेश ठाकुर, होरीलाल पटेल, गिरजाशंकर अग्रवाल, विजय देवांगन, लखमेंदर बौद्ध, भागेश्वरी धर्मगुड़ी, किशोर शर्मा, शैक्षिक मीडिया अरविंद वैष्णव आदि की सहभागिता रही तथा शिक्षक–शिक्षिकाएं क्रमश संज्ञा चंद्राकर, सरिता चंद्राकर, ज्योति मिंज, किरण यादव, भानुमति वर्मा, अनीता वर्मा, सोनल मिश्रा, नैंसी पीटर, पिंकी गुप्ता, श्वेता पाल, योगिता बरिहा, तनुजा साहू, सीमा भांडेकर, संध्या साहू, सुधारानी, लक्ष्मी चंद्राकर, विमला सिंह, फागूराम देवांगन, नरसिंह मानिकपुरी, उमेंद्र चंद्राकर, विनय अग्रवाल, संतोष चंद्राकर, पवन कुमार साहू, पंकज प्रधान, उत्तम धुरव, धनपाल कुर्रे, भावेश गजपाल सहित आरंग, समोदा एवं चंदखुरी संकुल से 207 शिक्षकों की उपस्थिति रही।



---

पेज 13 के शेष...

### वंदे भारत के समय...

समय में बदलाव की योजना तैयार की थी, लेकिन उत्तर रेलवे और पूर्व मध्य रेलवे की सहमति नहीं मिल पाने से ट्रेनों के टाइम टेबल में बड़ा बदलाव नहीं हो पाया है। इस बार उम्मीद है कि मंडल स्तर पर भेजे गए प्रस्ताव पर बोर्ड ट्रेनों के समय में बदलाव कर सकता है।

### माना बाल सुधार गृह...

जा रहा है, बच्चों ने खिड़की की तीन से चार ग्रिल काटने के बाद एक-एक कर बाहर निकले। इसके बाद सभी झाड़ियों की ओट लेते हुए पीछे के रास्ते दीवार फांदकर मौके से फरार हो गए। घटना के समय बाल संप्रेक्षण गृह के सुरक्षाकर्मी सो रहे थे। सुबह साढ़े छह से सात बजे के बीच सुरक्षाकर्मी बच्चों को जगाने के लिए गए, तो उन्हें बच्चों के भागने की जानकारी मिली। इसके बाद सुरक्षाकर्मी ने घटना की जानकारी अफसरों को दी। माना बाल संप्रेक्षण गृह से बच्चों के भागने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा, सात माह में बच्चों के भागने की यह दूसरी बड़ी घटना है। इसके पूर्व पिछले वर्ष दिसंबर में सात बच्चे संप्रेक्षण गृह की ग्रिल तोड़कर दीवार फांदकर भागे थे। दीवार फांदकर भागने वाले बच्चों को पुलिस ने राजिम में एक मकान से रेस्क्यू कर संप्रेक्षण गृह प्रबंधन के सुपुर्द किया था। पुलिस ने भागने वाले बच्चों को सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पकड़ने में कामयाबी हासिल की थी। शनिवार तड़के संप्रेक्षण गृह से जो बच्चे भागे हैं, उन बच्चों को पकड़ने पुलिस के अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं। गंभीर किस्म के अपराध में लिप्त रहने वाले बच्चों को एक सेल में रखा जाता है। इस बात का फायदा उठाकर बच्चे आपस में दोस्ती कर संप्रेक्षण गृह में अपना अलग से गैंग बनाकर अन्य बच्चों के साथ मारपीट करने के साथ उनसे पैसा मंगाने का दबाव बनाते हैं। इसके अलावा शरारती बच्चे संप्रेक्षण गृह से भागने की घटना को अंजाम देते हैं।

### बृजमोहन बोले- आरंग की...

लिंचिंग कह सकते हैं। उन्होंने कहा, सबसे पहले तो जो बहुसंख्यक समाज की भावनाएं हैं, उसे समझना पड़ेगा। अल्पसंख्यक समाज के लोग उनकी भावनाओं को आहत न करें। मैं तो मीडिया से भी कहना चाहूंगा जो खुद गड्ढे में कूद कर मर गए, उसको मॉब लिंचिंग का रूप आप लोग क्यों दे रहे हैं। बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद द्वारा प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कहा, सरकार को सभी लोगों पर ध्यान रखने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से गायों की तस्करी एक समाज विशेष के लोग कर रहे हैं, यह दुर्भाग्य जनक है। छत्तीसगढ़ में पहले जब 15 साल तक भारतीय जनता पार्टी का शासन था, इसके ऊपर रोक लगाई गई थी। इसके लिए कानून लाया गया था।

कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को लूटा

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की समीक्षा बैठक को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, कांग्रेस जितनी चाहे उतनी समीक्षा कर ले लेकिन छत्तीसगढ़ भाजपा का था, है और रहेगा यहां की जनता भाजपा के साथ है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को हमेशा लूटने का काम किया है यहां के लोगों का दोहन और शोषण किया है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के लोगों को जातिवाद में बांटकर लोगों के साथ अन्याय किया है। आने वाले समय में कांग्रेस की हालत बद से बदतर हो जाएगी।

### अशोका बिरयानी को सात...

में खाना परोसा जाता है, वह भी अलग-अलग होनी चाहिए। सूत्रों के अनुसार इस रेस्टोरेंट में इसका भी पालन नहीं किया जा रहा है।

### 7 दिन में व्यवस्था...

सेंटर में वेज थॉली में नॉनवेज का टुकड़ा मिलने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले दुर्ग में भी इसी तरह का मामला सामने आ चुका है। एक के बाद एक इस तरह के मामले सामने आने से अशोका बिरयानी रेस्टोरेंट की ग्राहकी पर असर पड़ा है। वेज और नॉनवेज के शौकीन लोग अब इसकी जगह दूसरे रेस्टोरेंट की ओर रुख करने लगे हैं।

---

**The Bengalee Kalibadi Samity**
Kalibadi Chowk, Raipur- 492001 (C.G) Ph: 0771-2223319

**NOTICE**

A meeting of the Annual General Body to be held on 14.7.2024 Sunday at 12.00 PM at Kalibari Parisar Raipur to discuss the following Agenda. All Members are requested to attend Positively and extend their co- Operontion for Smoth Functioning.

**Agenda**
(1) Confirammation of minuties of Last General body meeting.
(2) Discussion of Durga puja (Income/expense) 2023.
(3) Audited Report 2022-23
(4) Estimated Budget for the Year 2024-25
(5) Discussion on all the Deplopment Work of our Commitee.
(6) Election for Next tenure.
(7) Any other matter with the permission of the chair.

Secritary
Vijay Bhattacharya
9826113703

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील- रायपुर प.ह.न.- 00071 बोरियाखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202324440726600175

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00071 के अंतर्गत ग्राम बोरियाखुर्द के वर्तमान भूमिस्वामी ब्रजेश पिता/पति- पिता सुरेश प्रसाद त्रिपाठी पता- पुलिस लाईन, श्रीमति रूपा शुक्ला पिता/पति-पति राजेन्द्र शुक्ला पता पुलिस लाईन, राजा पिता/पति- पिता सुरेश प्रसाद त्रिपाठी पता- पुलिस लाईन, सुरेश प्रसाद त्रिपाठी पिता/पति- पिता भगवान प्रसाद त्रिपाठी पता- पुलिस लाईन के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 320/58(0.0470) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता राजा त्रिपाठी पिता/पति- श्री सुरेश प्रसाद त्रिपाठी पता पुलिस लाईन रायपुर के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/06/2024 को जारी किया जाता है।

**अतिरिक्त तहसीलदारः Prakash Soni**
मुहर रायपुर

---

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी श्रीमती किरण देवी जैन, पति - श्री प्रेमचंद जैन, एवं श्रीमती ममता जैन, पति- श्री विकास जैन, दोनों निवासी- रामसागरपारा, रायपुर (छ.ग) के स्वामित्व एवं आधिपत्य हक की भूमि जिसका ख.नं. 271/2, रकबा 5642 वर्गफुट भूमि है, जो कि ग्राम - देवपुरी, प.ह.नं. 00073, रा.नि.मं. - रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि हमारे पक्षकार श्री मान सिंग साहू, पिता - स्वः श्री वासुदेव साहू, निवासी- देवपुरी, गांधीचौक, रायपुर (छ.ग.) ने दिनांक 20/06/2024 को खरीदने का सौदा किया है तथा इसका पंजीयन कार्य किया जाना शेष है।

,उक्त सम्पत्ति के संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था, बैंक, साहूकार, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग, वित्ती, निकाय, आस-पास के भूमि धारक इत्यादि को किसी भी प्रकार की आपत्ति या दावा हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्तियां मय दस्तावेज के साथ मेरे नीचे लिखे पते पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :- 28/06/2024

**आर.एल.एसोसिएट्स**
**अधिवक्ता रवि तिवारी, एल. के.**
**प्रधान पता - रायपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. - 9977776085, 9827167527**

---

# जर्जर भवन में बच्चों को न बिठाएं : नोडल प्राचार्य

आरंग। शनिवार को अरुंधती देवी संकुल के अंतर्गत आने वाले स्कूलों की नोडल प्राचार्य हरीश शर्मा ने बैठक की एवं विस्तार से पाठ्य पुस्तक गणवेश सामग्री वितरण की जानकारी, ऑनलाइन एंट्री, कक्षा संचालन की व्यवस्था, मध्यान भोजन के सुचारू रूप से संचालन, वर्तमान शाला भवन मरम्मत योग्य अथवा जर्जर की जानकारी, स्वच्छता के बिंदु तथा एफएलएन ट्रेनिंग के शाला में क्रियान्वयन की स्थिति आदि पर विस्तार से चर्चा करते हुए उच्च कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के परिपालन में जानकारी ली। उन्होने कहा की भवन यदि मरम्मत योग्य है अथवा जर्जर है तो उसकी स्पष्ट जानकारी दें तथा किसी भी हालत में विद्यार्थियों को जर्जर भवन में न बैठाएं। उन्होंने शाला प्रवेश उत्सव की भी जानकारी लेते हुए कहा कि स्कूल का वातावरण इस प्रकार से प्रिंट रिच बनाए की बच्चों की उपस्थिति बढ़े। उन्होंने कहा कि बच्चों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता होनी चाहिए तथा एफएलएन प्रशिक्षण के विद्यालय में क्रियान्वयन पर जोर देते हुए सफलता के टिप्स भी बताएं। इस अवसर पर संकुल समन्वयक पोखन साहू, संस्था प्रमुख शासकीय वीरांगना अवंती बाई लोधी स्कूल, शासकीय पूर्व माध्यमिक अरुंधती देवी स्कूल, शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला अकोली खुर्द, शासकीय बालक प्राइमरी एवं पूर्व माध्यमिक शाला सदर रोड आरंग, शासकीय प्राथमिक रविदास स्कूल के संस्था प्रमुख एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।





## खबर संक्षेप



### प्रयास विद्यालय और यूपीएससी कोचिंग व्यवस्था की तारीफ


**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय एवं यूपीएससी परीक्षा के लिए की गई कोचिंग व्यवस्था की राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने तारीफ की। श्री अहीर की अध्यक्षता में शनिवार को नवा रायपुर स्थित नवीन विश्राम गृह में बैठक रखी गई, जिसमें प्रदेश के मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी शामिल हुए। समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव आशीष उपाध्याय, सलाहकार राजेश कुमार, अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, सचिव सामान्य प्रशासन अंबलगन पी., सचिव कौशल विकास डॉ. एस. भारतीदासन, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा जनक पाठक, संचालक अजा, अजजा विभाग नरेंद्र दुग्गा, संचालक समाज कल्याण रोक्तिमा यादव सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### बीजू कार्ड से हो रही लोगों के जीवन से खिलवाड़

**रायपुर।** राजधानी के एक निजी अस्पताल में मरीज के साथ हुई चिकित्सकीय लापरवाही के कारण मौत के मामले में दोषियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज करने मांग करते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता व ओड़िया समाज के वरिष्ठ नेता, अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, राजधानी रायपुर में पड़ोसी राज्य ओडिशा सरकार की लोकप्रिय योजना स्वास्थ्य बीजू कार्ड में फर्जीवाड़े का मामला लगातार सामने आ रहा है। बीजू कार्ड काली कमाई का जरिया बन गया है और लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ हो रही है।

## निधन

### जगदीशलाल दुआ



**रायपुर।** टैगोर नगर निवासी जगदीशलाल दुआ का 29 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 जून को दोपहर 12.15 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे नवीन, हरीश, सुनील, सुरेश दुआ और अंशु गुलाटी के पिता थे।

### दीपक गुप्ता



**रायपुर।** बंजारी रोड निवासी व्यापारी दीपक गुप्ता का 29 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 जून को दोपहर 12 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी शमशानघाट के लिए निकलेगी। वे विक्की, मुन्ना, निशु, आयुष्मान के पिता थे।

### मोहन सिंह ठाकुर



**रायपुर।** फूल चौक निवासी मोहन सिंह ठाकुर (83) का 29 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे लक्ष्मण सिंह ठाकुर के बड़े भाई, अमित सिंह ठाकुर के पिता और आदित्य, प्रतीक सिंह ठाकुर के बड़े पिता थे।

# स्टेशन से कनेक्टिविटी बढ़ाने रेलवे से मिली हरी झंडी, सर्वे के बाद शुरू होगा 32 करोड़ का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

टाटीबंध, हीरापुर की रेलवे स्टेशन से कनेक्टिविटी बढ़ाने और गुढ़ियारी क्षेत्र की घनी बसाहट को ट्रैफिक जाम से बचाने के लिए बरसात के बाद सड़क चौड़ीकरण और फ्लाईओवर बनाने का काम शुरू होने वाला है। इसके लिए रेलवे से ग्रीन सिग्नल भी मिल चुका है। अब निर्माण में प्रभावित होने वाले लोगों से सहमति बनाने के बाद एजेंसी से 32 करोड़ के प्रोजेक्ट को शुरू करवाने की तैयारी है। पश्चिम क्षेत्र के विधायक द्वारा बनवाए गए प्रोजेक्ट के लिए सरकार ने बजट में भी प्रावधान किया है।

## गुढ़ियारी के लोगों को ट्रैफिक दबाव से मिलेगी राहत, बरसात के बाद शुरू होगा निर्माण

### प्लेटफार्म तक पहुंच आसान

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 5 पर उतरने वाले एक्सप्रेस-वे की कनेक्टिविटी सीधे भारत माता चौक गुढ़ियारी तक करने की तैयारी लोक निर्माण विभाग ने शुरू की है। प्रोजेक्ट पर काम होने से कई रूटों की कनेक्टिविटी अब बढ़ेगी। गुढ़ियारी के शुक्रवारी बाजार से रेलवे स्टेशन को जोड़ने वाली सड़क पर भी काम शुरू होगा। एक्सप्रेस- वे को कनेक्ट करने से टाटीबंध से आने वाले लोगों को भी शहर की भीड़ से राहत मिलेगी। वे सीधे शदाणी दरबार तक आसानी से सफर कर सकेंगे। इसका सबसे ज्यादा फायदा व्यापारियों को होगा।




### रेलवे से सहमति, अब प्रभावितों से चर्चा

भारत माता चौक से रेलवे स्टेशन को कनेक्ट करने के लिए बनाया गया प्रोजेक्ट बरसात के बाद शुरू होगा। इससे पहले रेलवे प्रबंधन से काम के लिए सहमित मिल चुकी है। अब प्रभावितों से सहमति बनाने के लिए चर्चा की जाएगी।

*- राजेश मूणत, विधायक, पश्चिम विधानसभा, रायपुर*

### नहीं तय करना पड़ेगा 5 किमी

पहाड़ी चौक से रेलवे स्टेशन तक आने-जाने वालों के लिए दो किलोमीटर की बायपास सड़क 15 करोड़ रुपए में बनेगी। इस सड़क की चौड़ाई 10 मीटर होगी। इस निर्माण से प्रभावित होने वाले लोगों को मुआवजा देने का प्रावधान भी किया जाएगा। शासन ने गुढ़ियारी के लोगों की कनेक्टिविटी फाफाडीह तक बढ़ाने के लिए ढाई किलोमीटर लंबी बायपास सड़क बनाने की तैयारी में है। इससे लोगों को रोज 5 किलोमीटर अतिरिक्त रास्ता तय नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए ढाई किमी लंबा गुढ़ियारी अंडरब्रिज को कनेक्ट करने पर 17 करोड़ खर्च होगा।

शहर की सड़कों का समय-समय पर चौड़ीकरण हो रहा है, वहीं गुढ़ियारी की बसाहट के बीच ट्रैफिक जाम से रोज हजारों लोगों को दिक्कतों सामना करना पड़ रहा है। इससे लोगों को राहत देने और इस क्षेत्र की कनेक्टिविटी की बेहतरी के लिए अभी काम नहीं हुआ है। इसका खामियाजा रोज तीन लाख से ज्यादा लोगों को भुगतना पड़ता है। इसमें टाटीबंध से गुढ़ियारी होते हुए रेलवे स्टेशन आने वाले यात्री भी शामिल हैं। इसे देखते हुए रुट डायवर्ट करने के लिए सरकार के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदारों ने सर्वे और प्रोजेक्ट को शुरु करने के लिए प्रक्रिया शुरु की है। सूत्रों ने बताया कि फ्लाईओवर नुमा सड़क बनाने के लिए जमीन का सर्वे करने के साथ ही प्रभावित होने वाले लोगों का भी चिन्हांकन किया गया है।

## कालोनी में बाहरी लोगों को देख पुलिस भी अचंभे में

# बीएसयूपी कालोनी में पुलिस का छापा मकानों में रहने वाले ज्यादातर दूसरे राज्यों के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आवासहीन तथा झोपड़पट्टी में रहने वाले लोगों के लिए बनाई गई बीएसयूपी कालोनी में शनिवार को तड़के सौ से ज्यादा पुलिस अफसर, कर्मियों की टीम छापे की कार्रवाई करने पहुंची। पुलिस ने मौके पर पाया कि बीएसयूपी कालोनी में जिन लोगों को मकान अलाट हुआ है, वहां वह नहीं रहे रहे हैं, जिनके नाम पर मकान है। उन लोगों ने अपने मकान को किराए पर दे दिया है। बीएसयूपी कालोनी में जो किराए पर रहने वाले हैं, उनमें ज्यादातर लोग दूसरे राज्य के हैं, जिनका रिकार्ड पुलिस के पास भी नहीं है।

- **बाहर से आकर रहने वाले लोगों से पुलिस ने जानकारी मांगी**

गौरतलब है कि अपराध पर अंकुश लगाने एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर एएसपी पश्चिम डीआर पोर्ते, सीएसपी प्रशिक्षु आईपीएस अमन कुमार झा, सीएसपी राजेश कुमार देवांगन, सात थानों के टीआई के साथ सौ पुलिसकर्मियों की टीम भाठागांव स्थित बीएसयूपी कालोनी में छापा की कार्रवाई करने पहुंची। मौके पर पहुंचे पुलिस अफसरों की टीम ने पुराने हिस्ट्रीशीटर बदमाशों के साथ अपराध में संलिप्त बदमाशों को अपराध से दूर रहने की समझाइश दी। साथ ही बदमाशों को जरूरत पड़ने पर थाना बुलाने पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए कहा। छापे की कार्रवाई के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्रवाई की है।

### ज्यादातर लोग सत्यापित नहीं

छापे की कार्रवाई करने पहुंची पुलिस ने कालोनी में रहने वाले लोगों से उनके बारे में जानकारी मांगी, तो उनमें से 80 फीसदी लोगों का सत्यापन नहीं हुआ था। इसके बाद पुलिस ने ऐसे लोगों को किराएदार फार्म देकर अपना सत्यापन कराने के लिए कहा है। साथ ही जो बाहर से आकर रहने वाले हैं, उनसे उनके राज्य की पुलिस वैरिफिकेशन रिपोर्ट देने के लिए कहा है।



### ज्यादातर ऑटो चालक, लेबर का काम करने वाले

बीएसयूपी कालोनी में किराए में रहने वाले ज्यादातर लोग ऑटो चलाने के साथ मजदूरी का काम करते हैं। पुलिस को आशंका है कि बीएसयूपी कालोनी में ऐसे लोग भी निवास कर रहे हैं, जिनका पुलिस वेरिफिकेशन नहीं हुआ है। उनमें अपराधी प्रवृत्ति के लोग भी शामिल हैं। पुलिस अफसरों के पास पुलिस वेरिफेकशन रिपोर्ट आने के बाद संदिग्ध तथा अपराधिक प्रवृत्ति में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई तेज की जाएगी।

### जांच करने नहीं पहुंचते निगम अफसर

गौरतलब है कि बीएसयूपी तथा ईओडब्लूएस मकान जिन लोगों के नाम पर अलॉट रहता है, वह व्यक्ति अपने नाम के मकान को किसी दूसरे को किराए पर नहीं दे सकता। इसकी निगरानी करने की जिम्मेदारी नगर निगम के साथ संबंधित जोन के अफसरों की है। निगम तथा जोन के अफसरों ने इन मकानों की निगरानी करने अब तक कोई व्यवस्था नहीं की है, जिसकी वजह से बीएसयूपी तथा ईओडब्लूएस मकान के मालिकों ने अपने मकान को किराए पर दे दिए हैं। इसका फायदा अपराधी तत्व के लोग भी उठाते हैं और अपने राज्य में अपराध करने के बाद छिपने के लिए बीएसयूपी मकान किराए पर लेकर रहते हैं तथा आजीविका के लिए यहां रहकर छोटे-मोटे काम करने के साथ अपराधिक घटनाओं को अंजाम देते हैं।

# राज्य में 1 से 3 जुलाई तक नहीं मिलेगा राशन, दुकानें भी बंद रहेंगी

## डाटाबेस शिफ्टिंग का चलेगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में जुलाई के प्रथम सप्ताह में तीन दिन उचित मूल्य की राशन दुकानों में कार्ड धारकों को खाद्यान्न नहीं मिलेगा। 1 से 3 जुलाई तक विभागीय डाटाबेस को नवीन क्लाउड सर्वर पर स्थानांतरित करने का काम चलेगा। इसके कारण तीन दिन तक राज्यभर की राशन दुकानों भी बंद रखी जाएंगी, ताकि खुली दुकानों में राशन नहीं दिए जाने को लेकर कार्ड धारकों व दुकानदारों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित न हो।

खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप. संरक्षण विभाग के अपर सचिव ने इस संबंध में 28 जून को आदेश जारी किया है। इस आदेश के तहत राज्य के सभी कलेक्टरों को विभागीय डाटाबेस को नवीन क्लाउड सर्वर पर स्थानांतरित किए जाने की जानकारी दी गई है। वर्तमान में खाद्यान्न पोर्टल को छोड़कर सभी विभागीय ऑनलाइन कार्यवाही राज्य डाटा सेंटर में स्थित विभागीय सर्वर के माध्यम से किया जा रहा है। एसडीसी सर्वर में लगातार आ रही समस्याओं के निराकरण के लिए नवीन क्लाउड सर्वर एनआईसी के माध्यम से किराए पर लिया गया है। इसमें विभागीय डाटाबेस को स्थानांतरित किया जाएगा। इसके कारण एसडीसी स्थित विभागीय सर्वर 3 दिन बाधित रहेगा।

### डिप्टी सीएम साव आज धमतरी-अहिवारा प्रवास पर



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव रविवार को धमतरी और अहिवारा प्रवास पर जाएंगे। वे सवेरे पौने 11 बजे रायपुर से सड़क मार्ग द्वारा धमतरी के लिए रवाना होंगे। वे दोपहर 12 बजे धमतरी में जिला देवांगन समाज के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री श्री साव दोपहर साढ़े 12 बजे धमतरी से दुर्ग जिले के अहिवारा के लिए प्रस्थान करेंगे। वे दोपहर ढाई बजे अहिवारा नगरपालिका कार्यालय में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। वे अहिवारा में सद्गुरु कबीर प्रकट महोत्सव में भी शामिल होंगे। श्री साव शाम 4 बजे अहिवारा से रायपुर के लिए रवाना होंगे। वे शाम पौने 5 बजे वापस रायपुर पहुंचेंगे।

## पेज 13 के शेष ...

### वंदे भारत के समय...

समय में बदलाव की योजना तैयार की थी, लेकिन उत्तर रेलवे और पूर्व मध्य रेलवे की सहमति नहीं मिल पाने से ट्रेनों के टाइम टेबल में बड़ा बदलाव नहीं हो पाया है। इस बार उम्मीद है कि मंडल स्तर पर भेजे गए प्रस्ताव पर बोर्ड ट्रेनों के समय में बदलाव कर सकता है।

### माना बाल सुधार गृह...

जा रहा है, बच्चों ने खिड़की की तीन से चार ग्रिल काटने के बाद एक-एक कर बाहर निकले। इसके बाद सभी झाड़ियों की ओट लेते हुए पीछे के रास्ते दीवार फांदकर मौके से फरार हो गए। घटना के समय बाल संप्रेक्षण गृह के सुरक्षाकर्मी सो रहे थे। सुबह साढ़े छह से सात बजे के बीच सुरक्षाकर्मी बच्चों को जगाने के लिए गए, तो उन्हें बच्चों के भागने की जानकारी मिली। इसके बाद सुरक्षाकर्मी ने घटना की जानकारी अफसरों को दी।

माना बाल संप्रेक्षण गृह से बच्चों के भागने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा, सात माह में बच्चों के भागने की यह दूसरी बड़ी घटना है। इसके पूर्व पिछले वर्ष दिसंबर में सात बच्चे संप्रेक्षण गृह की ग्रिल तोड़कर दीवार फांदकर भागे थे। दीवार फांदकर भागने वाले बच्चों को पुलिस ने राजिम में एक मकान से रेस्क्यू कर संप्रेक्षण गृह प्रबंधन के सुपुर्द किया था। पुलिस ने भागने वाले बच्चों को सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पकड़ने में कामयाबी हासिल की थी। शनिवार तड़के संप्रेक्षण गृह से जो बच्चे भागे हैं, उन बच्चों को पकड़ने पुलिस के अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं। गंभीर किस्म के अपराध में लिप्त रहने वाले बच्चों को एक सेल में रखा जाता है। इस बात का फायदा उठाकर बच्चे आपस में दोस्ती कर संप्रेक्षण गृह में अपना अलग से गैंग बनाकर अन्य बच्चों के साथ मारपीट करने के साथ उनसे पैसा मंगाने का दबाव बनाते हैं। इसके अलावा शरारती बच्चे संप्रेक्षण गृह से भागने की घटना को अंजाम देते हैं।

### बृजमोहन बोले- आरंग की...

लिंचिंग कह सकते हैं। उन्होंने कहा, सबसे पहले तो जो बहुसंख्यक समाज की भावनाएं हैं, उसे समझना पड़ेगा। अल्पसंख्यक समाज के लोग उनकी भावनाओं को आहत न करें। मैं तो मीडिया से भी कहना चाहूंगा जो खुद गड्ढे में कूद कर मर गए, उसको मॉब लिंचिंग का रूप आप लोग क्यों दे रहे हैं। बजरंग दल और विश्व हिन्दू परिषद द्वारा प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कहा, सरकार को सभी लोगों पर ध्यान रखने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से गायों की तस्करी एक समाज विशेष के लोग कर रहे हैं, यह दुर्भाग्य जनक है। छत्तीसगढ़ में पहले जब 15 साल तक भारतीय जनता पार्टी का शासन था, इसके ऊपर रोक लगाई गई थी। इसके लिए कानून लाया गया था। **कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को लूटा :** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की समीक्षा बैठक को लेकर श्री अग्रवाल ने कहा, कांग्रेस जितनी चाहे उतनी समीक्षा कर ले लेकिन छत्तीसगढ़ भाजपा का था, है और रहेगा यहां की जनता भाजपा के साथ है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ को हमेशा लूटने का काम किया है यहां के लोगों का दोहन और शोषण किया है। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के लोगों को जातिवाद में बांटकर लोगों के साथ अन्याय किया है। आने वाले समय में कांग्रेस की हालत बद से बदतर हो जाएगी।

### अशोका बिरयानी को सात...

में खाना परोसा जाता है, वह भी अलग-अलग होनी चाहिए। सूत्रों के अनुसार इस रेस्टोरेंट में इसका भी पालन नहीं किया जा रहा है।

### 7 दिन में व्यवस्था...

सेंटर में वेज थॉली में नॉनवेज का टुकड़ा मिलने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले दुर्ग में भी इसी तरह का मामला सामने आ चुका है। एक के बाद एक इस तरह के मामले सामने आने से अशोका बिरयानी रेस्टोरेंट की ग्राहकी पर असर पड़ा है। वेज और नॉनवेज के शौकीन लोग अब इसकी जगह दूसरे रेस्टोरेंट की ओर रुख करने लगे हैं।

# छत्तीसगढ़ में 95 पिछड़ी जातियों में 67 ही केंद्रीय सूची में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा, छत्तीसगढ़ में सूचीबद्ध 95 पिछड़ी जाति में से 67 जातियां केंद्रीय सूची में शामिल हैं। राज्य की अन्य जातियों को भी केंद्रीय सूची में शामिल करने के लिए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग को प्रस्ताव भेजें। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर राज्य के दो दिवसीय दौरे पर हैं। उन्होंने शनिवार को सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ में पिछड़े वर्गों के लिए संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

- **राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष ने कहा- शेष जातियों को सूची में शामिल करने भेजें प्रस्ताव**



श्री अहीर की अध्यक्षता में आज नवा रायपुर स्थित नवीन विश्राम गृह में बैठक हुई। इसमें उन्होंने कहा, पिछड़े वर्गों के लिए राज्य सरकार के साथ-साथ केंद्रीय सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का समुचित पालन सुनिश्चित करें। शासकीय संस्थाओं के साथ-साथ निजी संस्थाओं में भी पिछड़े वर्गों के लोगों को आरक्षण के तहत लाभ मिले। राज्य में गठित पिछड़ा वर्ग आयोग की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, इससे संबंधित हितग्राहियों को आय के अन्य स्रोत की व्यवस्थित जानकारी मिल सकेगी। छत्तीसगढ़ में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय एवं यूपीएससी परीक्षा के लिए कोचिंग व्यवस्था की तारीफ भी उन्होंने की है। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा सहित विभिन्न विभागों के आला अधिकारी शामिल हुए।

### ये भी थे मौजूद

समीक्षा बैठक में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के सचिव आशीष उपाध्याय, सलाहकार राजेश कुमार, अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, सचिव सामान्य प्रशासन अम्बलगन पी., सचिव कौशल विकास डॉ. एस. भारती दासन, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा जनक पाठक, संचालक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति विभाग नरेन्द्र दुग्गा, संचालक समाज कल्याण रोक्तिमा यादव सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## आपसी रंजिश पर हत्या, दो को उम्रकैद

**रायपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र में सात माह पूर्व आपसी रंजिश के चलते हत्या करने के दो आरोपियों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई पंकज कुमार सिन्हा की स्पेशल कोर्ट एससी, एसटी कोर्ट में हुई। लोक अभियोजक निलेश ठाकुर के मुताबिक कोर्ट ने गिरधारी रात्रे की हत्या के आरोप में हेमलाल साहू तथा प्रमोद यादव को कैद की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक के मुताबिक चार दिसंबर 2023 को हेमलाल तथा प्रमोद ने गिरधारी की चाकू मारकर हत्या करने के बाद उसकी लाश को एक तालाब में फेंक दिया था। साथ ही साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से चाकू को एक पेड़ के नीचे छिपा दिया। घटना के चार दिन बाद आठ दिसंबर को लाश मिलने पर पुलिस ने मामले की पड़ताल कर दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो दोनों ने हत्या का अपराध कबूल किया।

**The Bengalee Kalibadi Samity**
Kalibadi Chowk, Raipur- 492001 (C.G.) Ph: 0771-2223319

**NOTICE**

A meeting of the Annual General Body to be held on 14.7.2024 Sunday at 12.00 PM at Kalibari Parisar Raipur to discuss the following Agenda. All Members are requested to attend Positively and extend their co- Operontion for Smoth Functioning.

**Agenda**
(1) Confirammation of minuties of Last General body meeting.
(2) Discussion of Durga puja (Income/expense) 2023.
(3) Audited Report 2022-23
(4) Estimated Budget for the Year 2024-25
(5) Discussion on all the Deplopment Work of our Commitee.
(6) Election for Next tenure.
(7) Any other matter with the permission of the chair.

Secritary
Vijay Bhattacharya
9826113703

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील- रायपुर प.ह.न.- 00071 बोरियाखुर्द ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202324440726600175

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00071 के अंतर्गत ग्राम बोरियाखुर्द के वर्तमान भूमिस्वामी ब्रजेश पिता/पति- पिता सुरेश प्रसाद त्रिपाठी पता- पुलिस लाईन, श्रीमति रूपा शुक्ला पिता/पति-पति राजेन्द्र शुक्ला पता पुलिस लाईन, राजा पिता/पति- पिता सुरेश प्रसाद त्रिपाठी पता- पुलिस लाईन, सुरेश प्रसाद त्रिपाठी पिता/पति- पिता भगवान प्रसाद त्रिपाठी पता- पुलिस लाईन के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 320/58(0.0470) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता राजा त्रिपाठी पिता/पति- श्री सुरेश प्रसाद त्रिपाठी पता पुलिस लाईन रायपुर के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19/07/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/06/2024 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदारः Prakash Soni
मुहर रायपुर

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि भूमिस्वामी श्रीमती किरण देवी जैन, पति - श्री प्रेमचंद जैन, एवं श्रीमती ममता जैन, पति- श्री विकास जैन, दोनों निवासी- रामसागरपारा, रायपुर (छ.ग) के स्वामित्व एवं आधिपत्य हक की भूमि जिसका ख.नं. 271/2, रकबा 5642 वर्गफुट भूमि है, जो कि ग्राम - देवपुरी, प.ह.नं. 00073, रा.नि.मं. - रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि हमारे पक्षकार श्री मान सिंग साहू, पिता - स्वः श्री वासुदेव साहू, निवासी- देवपुरी, गांधीचौक, रायपुर (छ.ग.) ने दिनांक 20/06/2024 को खरीदने का सौदा किया है तथा इसका पंजीयन कार्य किया जाना शेष है।

,उक्त सम्पत्ति के संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था, बैंक, साहूकार, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग, वित्ती, निकाय, आस-पास के भूमि धारक इत्यादि को किसी भी प्रकार की आपत्ति या दावा हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्तियां मय दस्तावेज के साथ मेरे नीचे लिखे पते पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नही होगा। सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :- 28/06/2024

आर.एल.एसोसिएट्स
अधिवक्ता रवि तिवारी, एल. के.
प्रधान पता - रायपुर (छ.ग.)
मो. नं. - 9977776085, 9827167527

# कौशिक बोले-11 में 10 सीट हारने पर भी कांग्रेस संतुष्ट, मतलब उसका हो चुका राजनीतिक पतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट अगर छत्तीसगढ़ की 11 में से 10 संसदीय क्षेत्रों में करारी पराजय के बाद भी संतोष व्यक्त कर रहे हैं तो यह साफ समझा जा सकता है कि छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में कांग्रेस अब इसी लायक ही बची है। श्री कौशिक ने कहा, छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की हार का जिम्मा लेने के लिए कोई तैयार नहीं है और सारे कांग्रेसी हार का ठीकरा फोड़ने के लिए एक-दूसरे का सिर तलाश रहे हैं। चुनाव से पहले से लेकर चुनाव में करारी हार और अब समीक्षा के नाम पर कांग्रेस में जिस तरह के नजारे पेश हो रहे हैं, कांग्रेस और उसके कर्णधारों के लिए इससे बड़ी राजनीतिक शर्म की बात और कुछ नहीं हो सकती। श्री कौशिक ने कहा, 11 में से 10 लोकसभा सीटें हारने के बाद भी कांग्रेस पार्टी संतुष्ट है, कांग्रेस प्रभारी पायलट का बयान इस बात को प्रमाणित करता है कि कांग्रेस एक बहुत बड़ी लूजर पार्टी है और जीत उसका उद्देश्य ही नहीं है।



**खबर संक्षेप**

### महाराष्ट्र के राज्यपाल बैस कल आएंगे



**रायपुर।** महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस सोमवार 1 जुलाई को रायपुर आ रहे हैं। श्री बैस सुबह 8 बजे मुम्बई से रायपुर पहुंचेंगे। अपने 3 दिवसीय प्रवास के दौरान वे यहां विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री बैस 3 जुलाई की शाम मुंबई लौटेंगे।

### सीएस को उपाध्यक्ष नीति आयोग का अतिरिक्त प्रभार



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन ने मुख्य सचिव अमिताभ जैन को एक और बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। राज्य शासन द्वारा श्री जैन को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ उपाध्यक्ष राज्य नीति आयोग छत्तीसगढ़ का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इस आशय का आदेश सामान्य प्रशासन विभाग से जारी कर दिया गया है।

### वाहन पार्क करने के विवाद में मारपीट



**रायपुर।** खम्हारडीह थाना में एक बुजुर्ग ने बाप-बेटे के खिलाफ वाहन पार्क करने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक गायत्री नगर निवासी बालचंद प्रजापति ने सीताराम प्रजापति तथा उसके बेटे नीरज के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। बालचंद ने पुलिस को बताया कि सीताराम तथा उसके बेटे ने दुकान के सामने दोपहिया पार्क करने के नाम पर विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की है।

### शराब पीने पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला



**रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक ई-रिक्शा के चालक ने एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ शराब पीने पैसे नहीं देने पर चाकू से हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक सुरेंद्र निषाद ने वासु निषाद के खिलाफ चाकू से हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। सुरेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह अपने ई-रिक्शा से घर जा रहा था, दावड़ा कॉलोनी के पास वासु ने उसका रास्ता रोक शराब पीने के लिए पैसों की मांग की। इनकार करने पर वासु ने सुरेंद्र की पीठ पर चाकू से हमला कर दिया।

# मॉब-लिचिंग अब अपराध की श्रेणी में, जोड़ी गई नई धारा, किया संशोधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

देश में 1 जुलाई से हो रहे नए आपराधिक कानून के संबंध में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में शनिवार को कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें वक्ता के तौर पर शामिल हुए रायपुर हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अभिनव के. शुक्ला और प्रो. हिना इलियास व गृह विभाग से असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट प्रोसेक्शन ऑफिसर शुभम तोमर ने नए कानून के तहत सजा प्रावधानों व डिजिटल साक्ष्यों की मान्यता व साक्ष्य संबंधी प्रस्तुतिकरण की प्रक्रिया के सरलीकरण के दिशा में किए गए प्रबंधों की विस्तार से अधिकारियों-कर्मचारियों को जानकारी दी।

नए अपराधिक कानून के संशोधन पर प्रोफेसर अभिनव शुक्ला ने बताया कि नई भारतीय न्याय संहिता 2023 में व्यापक बदलाव किए गए हैं। अपराधिक प्रकरणों के फैसले के लिए भी समय-सीमा निर्धारित की गई है। कुछ अपराध ऐसे थे, जो किसी भी अपराध की धाराओं में नहीं आते थे, वे छूट जाते थे। उसके लिए धारा लाई गई है।

जीरो एफआईआर की व्यवस्था के साथ अब ई-एफआईआर की व्यवस्था लागू की जाएगी। कोई भी व्यक्ति अपने संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज करा सकता है, लेकिन इसके लिए ई-एफआईआर रजिस्टर्ड करने के तीन दिनों के भीतर संबंधित थाने में पहुंचकर वेरिफाई कराना आवश्यक होगा। तभी ई-एफआईआर मान्य होगा। अगर तीन दिन के भीतर संबंधित थाने में प्रार्थी नहीं पहुंचेगा, तो वह ई-एफआईआर मान्य नहीं होगी। असल में यह व्यवस्था नागरिकों के लिए इसलिए शुरू की जा रही है, ताकि समय पर अपनी शिकायत थाने में दर्ज करा सके। महिलाओं और बच्चों के लिए भी नई संहिता में चैप्टर जोड़ा गया है। आईपीसी की धाराएं अलग-अलग थी, उसे संगठित किया गया है।

**नए कानून की अधिकारियों-कर्मचारियों को दी गई जानकारी**



**मॉब-लिंचिंग के लिए बनी नई धारा**

मॉब-लिंचिंग अब तक अपराध की श्रेणी में नहीं आता था, ऐसे में इसके लिए भी नई धारा जोड़ी गई है। धारा 103 (2) के तहत अपराध दर्ज किया जाएगा। साथ ही इसमें सजा का भी प्रावधान किया गया है। महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराध में भी संशोधन किया गया है। पहले अलग-अलग उम्र के बच्चों द्वारा अपराध किए जाने पर धारा जोड़ी जाती थी, लेकिन अब उम्र तय कर दी गई है। 18 वर्ष या उससे कम उम्र ही माना जाएगा। साथ ही कार्यशाला में वक्ताओं ने यह भी बताया कि जब्ती के प्रकरणों में विवेचकों को वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से कराना होगा।

### ट्रांसफार्मर सहित सभी खर्च उठाने को तैयार, फिर भी सालभर बाद भी नहीं मिला एस्टीमेट और डिमांड नोट

# 26 साल से अपनी बिजली को तरस रहे रवि भवन के व्यापारियों ने सीएम से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी के रवि भवन को बने 26 साल हो गए हैं। व्यापारी अपनी बिजली के लिए अब तक तरस रहे हैं। बीते साल व्यापारियों की बिजली से रवि भवन के रोशन होने का रास्ता खुला, लेकिन सालभर होने के बाद भी पॉवर कंपनी ने व्यापारियों को न तो डिमांड नोट दिया है और न ही ट्रांसफार्मर एवं अन्य खर्च का एस्टीमेट दिया है, जबकि व्यापारी हर तरह का खर्च उठाने के लिए तैयार हैं। व्यापारियों ने अपने कनेक्शन के लिए आवेदन भी कर दिए हैं, लेकिन मामला लटका हुआ है। ऐसे में अब व्यापारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर उनसे मदद की गुहार लगाते हुए पूरी जानकारी दी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को इस मामले में नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दे दिए हैं।

रवि भवन में अब तक भवन बनाने वाले बिल्डर के नाम से ही एक एचटी कनेक्शन है, जिसमें से सभी व्यापारियों को कनेक्शन दिए गए हैं। ऐसे में व्यापारियों को बिजली करीब 13 रुपए यूनिट मिलती है, लेकिन अपने कनेक्शन लगने से बिजली सात से आठ रुपए में मिलने लगेगी। रवि भवन के 1996 में बनने के बाद से इसमें दुकानें लेने वाले व्यापारी अपने बिजली कनेक्शन से वंचित हैं। बिल्डर ने भवन का निर्माण करने के समय जो अस्थाई एचटी कनेक्शन लिया था, उसको बाद में स्थाई करा लिया और जिन भी व्यापारियों को दुकान बेची गईं, उनको सब मीटर लगाकर कनेक्शन दे दिए गए। शुरुआत में तो किसी व्यापारी को इसका नुकसान समझ नहीं आया, लेकिन बाद में जब इसका नुकसान समझ आया तो व्यापारियों ने अपने कनेक्शन लेने के लिए पहल की।

**मुख्यमंत्री ने दिया मदद का आश्वासन**



मुख्यमंत्री से मिलकर हमारे व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने पूरी जानकारी दी है। मुख्यमंत्री ने मदद का आश्वासन देते हुए अधिकारियों के साथ कलेक्टर को इस मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

**- जय नानवानी,** अध्यक्ष, रवि भवन व्यापारी संघ

**20 साल से संघर्ष**

रवि भवन व्यापारी संघ के अध्यक्ष जय नानवानी के मुताबिक, 20 साल से अपने कनेक्शन के लिए संघर्ष चल रहा है। सबसे पहले 2002 में शिव ग्वालानी रवि भवन व्यापारी संघ के अध्यक्ष बने तो उन्होंने ही इस दिशा में पहल की। उसके बाद से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हमारा संघ बिजली नियामक आयोग में भी गया। आयोग ने भी माना कि कोई बिल्डर इस तरह से कनेक्शन नहीं दे सकता। इसी के साथ आयोग ने यह भी कहा, ऐसा और कहीं न हो, इसका पॉवर कंपनी को ध्यान रखना चाहिए।

**अब तक छह करोड़ का फटका**

रवि भवन में हर माह एक लाख यूनिट बिजली की खपत होती है। व्यापारियों के मुताबिक, उनको जो ज्यादा पैसे देने पड़ते हैं, वो साल के करीब 30 लाख होते हैं। ऐसे में 20 साल में अब तक छह करोड़ रुपए अतिरिक्त हम लोग दे चुके हैं। रवि भवन के बाहर हमारे आसपास के व्यापारियों को जहां 400 यूनिट बिजली के 32 से 33 सौ रुपए देने पड़ते हैं, वहीं हमें 51 सौ रुपए लगते हैं। ज्यादा बिजली की खपत पर और ज्यादा पैसा लगता है।

**लगने हैं नए ट्रांसफार्मर**

रवि भवन में बिल्डर का एक पांच सौ किलो वाट का ट्रांसफार्मर लगा है। इसे बिल्डर ने पॉवर कंपनी को देने का सहमतिपत्र तो दे दिया है, लेकिन यह ट्रांसफार्मर काम नहीं आएगा। ऐसे में दो-दो सौ किलोवॉट के पांच नए ट्रांसफार्मर लगेंगे। इसके लिए व्यापारियों ने चार स्थान भी पॉवर कंपनी को दे दिए हैं। इन स्थानों पर ट्रांसफार्मर लगने के बाद सबको अलग-अलग कनेक्शन मिलेंगे। भवन में करीब चार सौ व्यापारियों की दुकानें हैं। पॉवर कंपनी के साथ सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी सालभर से व्यापारियों को कनेक्शन नहीं मिल रहे हैं, न ही अब तक ट्रांसफार्मर लगाने के लिए पॉवर कंपनी ने एस्टीमेट दिया है। थक-हार कर अंततः व्यापारियों ने मुख्यमंत्री से मिलकर उनसे मदद की गुहार लगाई है।

## दिनभर बारिश का दौर, शहर के तापमान में चार डिग्री की गिरावट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छाए बादल शनिवार को दिनभर राजधानी में हल्के से मध्यम रूप में बरसते रहे। बारिश तो जोरदार नहीं हुई, मगर इसके प्रभाव से तापमान में चार डिग्री की गिरावट आ गई। यूपी-बिहार के ऊपर बने सिस्टम की वजह से बिलासपुर और सरगुजा संभाग में जमकर बारिश हुई है।

रायपुर में मानसून 15-16 जून को सक्रिय हुआ है, मगर यहां अब तक भारी बारिश नहीं हुई है। शनिवार को भी यहां छाए बादल मामूली रूप से ही बरसे हालांकि वर्षा का प्रभाव दिनभर रहा जिसकी वजह से तापमान में चार डिग्री की गिरावट आ गई और मौसम पूरी तरह ठंडा हो गया। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार पिछले चौबीस घंटे में शहर में आधा सेमी. से कम बारिश दर्ज की गई है। बादलों की मेहरबानी बिलासपुर और पेंड्रा इलाके में नजर आई। दिनभर में बिलासपुर में 48.4 और पेंड्रा में 87.6 मिमी. बारिश दर्ज की गई है।

- यूपी-बिहार के ऊपर सिस्टम, बिलासपुर और सरगुजा में जमकर वर्षा

मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने बताया कि उत्तरी हिस्से में हो रही बारिश की वजह उत्तर-दक्षिण द्रोणिका के पश्चिम उत्तर प्रदेश और चक्रवाती घेरा के पूर्वी यूपी और उससे लगे बिहार के ऊपर मौजूद होना है। रविवार को भी इसी तरह की स्थिति रहने की संभावना है। इसके बाद जुलाई की शुरूआत में बारिश की गतिविधि में कमी आने की संभावना बन रही है।

## मुख्यमंत्री ने किया समाजसेवी चंदन और बसंत का सम्मान



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री निवास में शनिवार को समाजसेवी चंदन अग्रवाल और बसंत अग्रवाल का सम्मान किया। यह सम्मान उन्हें छत्तीसगढ़ के भांचा श्रीराम के ननिहाल का चाउर और ठेठरी, खुरमी का अयोध्या में 60 दिनों का सबरी प्रसादालय के नाम महाभंडारे का आयोजन करने के लिए दिया गया। यह महाभंडारा स्व. पुरुषोत्तम अग्रवाल स्मृति फाउंडेशन एवं सनातन सेना के तत्वावधान में किया गया। इस मौके पर समाजसेवी बसंत अग्रवाल ने बताया कि अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को हुई, उस दिन से निरंतर छत्तीसगढ़ के चावल और ठेठरी, खुरमी, छत्तीसगढ़ी व्यंजन का भंडारा निरंतर चला, जो पूरे अयोध्या में छत्तीसगढ़ राज्य का भंडारा भगवान श्री राम के ननिहाल छत्तीसगढ़वासियों के प्रेम और अयोध्या में चर्चा का विषय बना। जो भी भक्तजन अयोध्या आते थे तो वे छत्तीसगढ़ से चल रहे भंडारे का प्रसाद लेने जरूर पहुंचते थे। उन्होंने बताया कि राजगोपाल मंदिर रामपथ सरयू नदी एवं हनुमानगढ़ी के मध्य में स्थित है, वहां पर प्रतिदिन सुबह नाश्ता, दोपहर में भोजन, शाम का नाश्ता और रात के भोजन प्रसाद में दिया जा रहा था। यह सबरी प्रसादालय के नाम से पूरे अयोध्या में विख्यात हो गया था।

## महिला शिवसेना ने बेजा कब्जा और गंदगी पर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



आदर्श नगर क्षेत्र में अटल आवास के गार्डन एरिया में बेजा कब्जे और गंदगी की समस्या को लेकर महिला शिवसेना की एक टीम ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला शिवसेना के सदस्य और स्थानीय निवासी शामिल हुए और सभी ने एक स्वर में इस मुद्दे के समाधान की मांग की। महिला शिवसेना की प्रमुख ज्योति सिंह ने बताया कि गार्डन एरिया में कुछ स्थानीय लोगों द्वारा अवैध रूप से टपरा-टपरी बनाई जा रही है, जिससे बच्चों के खेलने का स्थान अवरुद्ध हो रहा है और गंदगी फैल रही है। उन्होंने कहा कि गार्डन एरिया का यह अवैध कब्जा न केवल स्थान की सुंदरता को नष्ट कर रहा है, बल्कि इससे आसपास के निवासियों को भी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो रही हैं। उन्होंने नगर निगम से मांग की है कि अविलंब इस मामले को संज्ञान में लिया जाए और अवैध कब्जों को हटाया जाए। महिला शिवसेना ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वे इस मामले को लेकर और भी बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। इस कार्यक्रम में महिला प्रदेशाध्यक्ष ज्योति सिंह, रुखसार खान, किरण राव, कीर्ति साहू, जन्नत खान, सावित्री मानिकपुरी आदि शामिल हुईं।

## खमतराई स्कूल में शेड बनाने मूणत ने दिए 25 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक राजेश मूणत शनिवार को शासकीय प्राथमिक शाला खमतराई रायपुर में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कई बड़ी घोषणाएं कीं।

- शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री

श्री मूणत ने छात्र-छात्राओं को काफी पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया। इसके अलावा स्कूल परिसर में वृक्षारोपण भी किया। उन्होंने कहा, अगले साल जब साल प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम होगा, तब वह सभी छात्र-छात्राओं को पुस्तकें, पेन पेन्सिल, कम्पॉक्स, स्कूल बैग, टिफिन,पानी की बोतल उपलब्ध करवाएंगे। श्री मूणत ने कहा, विष्णुदेव साय सरकार स्कूलों में बेहतर सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा, सत्ता पक्ष का विधायक होने के नाते मेरा आपसे वादा है कि खमतराई स्कूल को प्राइवेट स्कूल जैसे सुविधा उपलब्ध कराऊंगा। इस अवसर पर उन्होंने शाला परिसर में शेड निर्माण हेतु 25 लाख रुपए देने की घोषणा की। श्री मूणत ने कहा, स्कूल से 24 छात्र रायपुर जिले में मेरिट पर आएंगे उनको एक लाख एवं जो छात्र-छात्राएं स्कूल में प्रथम श्रेणी प्राप्त करेंगे उन्हें 25 हजार रुपए दिए जाएंगे।

## बच्चों में आध्यात्मिक शिक्षा जरूरी



**रायपुर।** शैलेंद्र नगर स्थित प्रेमप्रकाश आश्रम में आचार्य गुरु स्वामी टेंऊंराम के 138वें जन्मोत्सव के अवसर पर बालिका मंडली और प्रेमप्रकाश युवा मंडल द्वारा टेंऊंराम चालीसा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में रविवार को कानपुर से पधारे संत भोलाराम शामिल हुए। कार्यक्रम में बालिका मंडली द्वारा पेश किए गए नाट्य संग नृत्य के प्रस्तुतिकरण ने संत भोलाराम का मन मोह लिया। इसी दौरान उन्होंने अपने सत्संग में उनकी सराहना करते हुए बताया कि बच्चों में आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ संस्कारिक शिक्षा और आध्यात्मिक शिक्षा भी जरूरी है। अपने गुरु के वचनों को याद दिलाते हुए कहा कि इस संसार में रह रहे प्रत्येक प्राणी में मनुष्य में जीव-जंतु मैं और सब में जो निरंतर श्वास लेते रहते हैं, उन सब में परमपिता परमात्मा का अविनाशी अंश आत्मा रूपी निवास कर रहा है, हम मनुष्यों को सबके लिए अपने दिल में दया का भाव रखना चाहिए, सारे जीवात्माओं के अंदर उस परमात्मा का अंश समझकर किसी के लिए भी अपने मन में द्वेष या बैर की भावना नहीं रखनी चाहिए। यह कार्यक्रम 1 जून से प्रारंभ होकर 11 जुलाई तक पूरे 40 दिन तक चलता रहेगा। प्रेमप्रकाश आश्रम शैलेंद्र नगर द्वारा लगातार 40 दिन आयोजित इस महोत्सव में 7 जुलाई को विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

**बिजनेस साइट**

## डॉक्टर ऑन स्ट्रीट ने मनाया 'डॉक्टर्स डे'



**रायपुर।** 'डॉक्टर्स डे' पर डॉक्टर ऑन स्ट्रीट (दोस्त) द्वारा एक निजी चिकित्सालय के सेमिनार हाल में डॉक्टरों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। डॉक्टर ऑन स्ट्रीट के संयोजक सुनील शर्मा ने इस कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष 1 जुलाई को डॉक्टर्स डे मनाया जाता है। समय की प्रतिबद्धता और उपलब्धता के हिसाब से यह कार्यक्रम रखा गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रमुख लोकायुक्त जस्टिस टीपी शर्मा ने डॉक्टरों और समाजसेवियों का सम्मान किया। अपने संबोधन में जस्टिस टीपी शर्मा ने कहा कि कठिन परिस्थितियों में मानवीय जीवन की गरिमा को बनाए रखने का कार्य डॉक्टरों का होता है।

इस अवसर पर मरीजों के प्रति समर्पण और समाजसेवा के काम के लिए चिकित्सा रत्न से डॉ. सत्यजीत साहू को सम्मानित किया गया।

## होंडा के एमडी व सीईओ ओटानी सान का सिटी होंडा लालपुर में आगमन




**रायपुर।** लालपुर स्थित सिटी होंडा में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर लिमिटेड के एमडी व सीईओ ओटानी सान का आगमन हुआ। वहां उन्होंने सभी एम्प्लाइज से मुलाकात की और प्रोत्साहित करते हुए उन्हें सर्टिफिकेट दिया। इस अवसर पर कंपनी के ऑपरेटिंग ऑफिसर आशीष सान और डायरेक्टर सेल्स योगेश माथुर सान भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इसके अलावा गौरव सान, सरबजीत सान, शशांक सान, प्रतीक सान, अरिजीत सान, हर्ष पाठक सान, राहुल राठी सान उपस्थित रहे। सिटी होंडा के संचालक कैलाश खेमानी ने बताया कि ओटानी सान के हाथों से 21 कस्टमर को गाड़ियों की डिलीवरी की गई। सिटी होंडा ग्रुप के जितेंद्र खेमानी, साहिल खेमानी, सिटी होंडा भाठागांव से तेजेश मुखर्जी, पूरे सिटी होंडा परिवार ने इस उपलक्ष्य में हमेशा की तरह सेल्स और सर्विस में नंबर वन आने का संकल्प लिया।



हरिभूमि
रायपुर, रविवार 30 जून 2024
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## एजुकेशन अपडेट

### बीएएसएलपी आवेदन की तारीख बढ़ी अब 10 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन



**रायपुर।** पं. जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के नाक, कान व गला रोग विभाग (ईएनटी) के अंतर्गत संचालित बैचलर ऑफ ऑडियोलॉजी स्पीच लैंग्वेज पैथोलॉजी, बीएएसएलपी पाठ्यक्रम 2024-25 में प्रवेश लेने आवेदन फॉर्म 28 मई से ऑनलाइन प्रारंभ किया गया था। आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा सामान्य डाक द्वारा 27 जून तक तथा विलंब शुल्क के साथ 29 जून तक जमा कर सकते थे, परंतु 27 जून को हुई विभागीय बैठक के निर्णय अनुसार फार्म जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 जुलाई एवं विलंब शुल्क के साथ 12 जुलाई तक कर दी है। आवेदन करने अभ्यर्थियों की सूची 18 जुलाई को वेबसाइट raipur-baslp.org पर जारी की जाएगी।

#### 25 जुलाई तक दावा-आपत्ति

*उपरोक्त जारी की गई मेरिट सूची में दावा-आपत्ति के लिए अभ्यर्थी 25 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। उक्त दिनांक के पश्चात दावा आपत्ति के लिए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। आवेदक अभ्यर्थियों की दावा-आपत्ति उपरांत अंतिम मेरिट सूची 29 जुलाई को वेबसाइट **www.raipurbaslp.org** पर जारी की जाएगी। बीएएसएलपी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग 31 जुलाई को होगी।पाठ्यक्रम, प्रवेश संबंधी विवरणिका, आवेदन पत्र, प्रवेश संबंधी नियम, आवेदन प्रारूप एवं अन्य जानकारी के लिए वेबसाइट **raipur-baslp.org** का अवलोकन कर सकते हैं।*

## सिटी इवेंट

### नई शिक्षा नीति की बड़ी चुनौती, एक से अधिक विषय पढ़ाने विशेषज्ञ तैयार करना



**रायपुर।** अग्रसेन महाविद्यालय व कुम्हारी स्थित इक्फाई यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालयों में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियां विषय पर शनिवार को एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान इक्फाई यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. एसपी दुबे ने कहा कि इस नीति में समानता, अवसर और स्वरोजगार के दूरगामी लक्ष्य को पूरा करने के साथ ही युवाओं को उच्च शिक्षा में शामिल करने के वर्तमान अनुपात 23 प्रतिशत को बढ़ाकर अगले पांच वर्षों में 50 प्रतिशत तक करने का उद्देश्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस नीति में शोध अनुसंधान को भी जमीनी स्तर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। इस नीति की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें बहु-विषय अध्ययन (मल्टी डिसिप्लिनरी स्टडी) को प्रमुखता दी गई है, लेकिन इसमें सबसे बड़ी चुनौती यह है कि एक से अधिक विषय को पढ़ाने के लिए विशेषज्ञ तैयार करने में समय लग सकता है।

#### प्रशिक्षित युवाओं को तैयार करने का लक्ष्य

वेबिनार में प्रमुख वक्ता के रूप में आमंत्रित कोलंबिया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दुबे ने कहा कि भारत को विश्व में बड़ी आर्थिक शक्ति बनना है तो नई शिक्षा नीति में उद्योगों की जरूरत के अनुसार स्नातक और प्रशिक्षित युवाओं को तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि अनिवार्य शिक्षा से वंचित देशभर के करीब दो करोड़ (ड्राप आउट) बच्चों को भी इसमें शामिल करने का लक्ष्य है। इसमें किसी विषय को पढ़ने से ज्यादा उसके प्रयोगात्मक उपयोग को अपनाने पर जोर दिया गया है। साथ ही पढ़ाई के दौरान कभी भी विषय को बदलने की सुविधा दी गई है।

### वैश्य समाज नवनिर्वाचित सांसद विधायकों का करेगा सम्मान

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की आवश्यक बैठक शनिवार को हुई, जिसमें वैश्य समाज के नवनिर्वाचित सांसद एवं विधायकों का सम्मान समारोह 21 जुलाई को आयोजित करने का निर्णय लिया गया।



सम्मेलन के महामंत्री एवं प्रवक्ता राजकुमार राठी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की बैठक में छत्तीसगढ़ के सभी नवनिर्वाचित सांसद एवं विधायकों का सम्मान समारोह 21 जुलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने कहा कि आने वाले समय में वैश्य समाज को छत्तीसगढ़ में एक बड़ी ताकत के रूप में खड़ा करना है, ताकि वैश्य समाज को भी राजनीति में समुचित स्थान मिल सके। श्री अग्रवाल ने कहा कि सेवा के कार्य में वैश्य समाज हमेशा आगे रहता है, लेकिन राजनीति में भागीदारी कम होने के कारण अभी तक सत्ता में समुचित स्थान प्राप्त नहीं हो पाया है।



आतिशबाजी...उत्साह....जश्न

#### 2011 वर्ल्ड कप में जीत के 14 साल बाद जयस्तंभ चौक दिखी क्रिकेट की बेतहाशा दीवानगी

# इंडिया की जीत पर आधी रात जयस्तंभ चौक पर 50 हजार लोगों ने मनाया जश्न, तड़के 4 बजे तक फूटते रहे पटाखे

**टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत की जीत के बाद आधी रात रायपुरियंस ने जमकर जश्न मनाया। क्रिकेट प्रेमियों ने जीत पर दीपावली की तरह सड़कों और घरों में आतिशबाजी की। रात 11 बजे के बाद जैसे ही भारत की जीत निश्चित हुई, अलग-अलग इलाकों से बाइक में सवार होकर युवक जयस्तंभ चौक पहुंच गए और सभी ने हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए इस जीत को सेलिब्रेट किया।**

**रायपुर।** जयस्तंभ चौक पर 50 हजार से अधिक लोगों ने भारत की जीत का जश्न मनाया। सुबह 4 बजे तक युवाओं ने जयस्तंभ चौक पर ढोल-नगाड़े की थाप पर जमकर डांस किया और दोस्तों तथा परिजनों के साथ आतिशबाजी कर उत्सव मनाया। जयस्तंभ चौक पर युवकों की भीड़ से माहौल गरमा गया। चौक पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। चौराहे के ऊपर खड़े होकर तिरंगा फहराते युवक भारत माता की जय जयकार करने लगे। आसपास के दो थानों से फोर्स बुलानी पड़ी। इसके बाद भीड़ को पुलिस काबू करती नजर आई। काफी देर तक चौराहे पर लोगों का जमघट लगा रहा और सभी भारत की जीत का जश्न मनाते रहे। रायपुर की सड़कों पर जीत का यह माहौल लगभग 13 साल बाद देखने को मिला। 2011 में वनडे वर्ल्ड कप में भारत को जीत मिली थी। उस दौरान इसी तरह का जश्न जयस्तंभ चौक पर मनाया गया था। इसके बाद अब जाकर इस तरह का माहौल जयस्तंभ चौक पर देखने को मिला।



#### चेहरे पर टैटू और टीम इंडिया की जर्सी

*फाइनल में जीत पर जहां जयस्तंभ चौक पर जश्न का माहौल था, वहीं सुबह होने तक सड़क में हर कोई जीत की खुशी मनाते हुए नजर आया। फाइनल के लिए लोगों ने एक दिन पहले ही अपने स्तर पर तैयारी कर ली थी। कुछ ने चेहरे पर टैटू बनवाए तो कुछ टीम इंडिया की जर्सी में नजर आए। होटलों में तिरंगा लिए यूथ पहुंचे। भारत की जीत पर दर्शकों ने पटाखे फोड़कर जश्न मनाया।*




#### अंतिम बॉल तक डटे रहे क्रिकेट प्रेमी

शहर के कैफे के साथ ही कई बड़े होटल और मॉल में विशेष व्यवस्था की गई थी। यहां भारत की शानदार बैटिंग पर दर्शकों ने जमकर उत्सव मनाया। चौके-छक्के सहित साउथ अफ्रीका की मिस फील्डिंग भी लोगों ने सेलिब्रेट की। होटलों में खाने की भी व्यवस्था की गई थी। रात 8 बजे से मैच के खत्म होने तक बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी स्क्रीन के सामने डटे रहे। जीत के बाद सड़क से लेकर दुकानों के बाहर लोगों ने जश्न मनाया।







#### सड़क से लेकर घरों तक जश्न का माहौल

टी-20 वर्ल्ड कप की जीत का जश्न आधी रात को सड़क से लेकर घरों तक दिखाई दिया। रात 12 बजे जयस्तंभ चौक पर भीड़ 50 हजार से अधिक पहुंच चुकी थी। पटाखों की गूंज और आतिशबाजी के बीच हर कोई जीत के जश्न में डूबा नजर आया। बच्चे व युवा टीम इंडिया की जर्सी पहनकर मैच देखने पहुंचे हुए थे। चारों तरह इंडिया..इंडिया.. की गूंज ही सुनाई देती रही। हर कोई इस यादगार पल को कैमरे में कैद करता हुआ नजर आया।



#### द डिजाइन फेस्ट में विद्यार्थियों की कला का प्रदर्शन

# मां की बनारसी साड़ी से बनाया खूबसूरत लहंगा क्लास रूम को स्टूडेंट्स ने रेस्टॉरेंट में बदला

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** मैट्स स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी में 'द डिजाइन फेस्ट-2024' का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय प्रदर्शनी का समापन 30 जून रविवार को होगा। बीएससी इंटीरियर से प्रथम वर्ष के छात्रों ने 'बोहेमियन इंटीरियर की अवधारणा के साथ हाउस डिजाइन' किया, इंटीरियर डिजाइनिंग के दूसरे वर्ष के छात्रों ने 'रेस्तरां डिजाइन' किया, इंटीरियर के अंतिम वर्ष के छात्रों ने विभिन्न रंगों के साथ कार्यशाला डिजाइन की।

विभागाध्यक्ष परविंदर कौर ने बताया, प्रदर्शनी सुबह 12 से शाम 7 बजे तक महाविद्यालय परिसर में आयोजित की गई, जिसमें अन्य कॉलेज के विद्यार्थी व शहरवासी दर्शक स्वरूप पहुंच रहे। प्रत्येक कक्षा के छात्रों को विभिन्न थीम के साथ कार्य करने की जिम्मेदारी दी गई। प्रत्येक वर्ष छात्रों का मनोबल बढ़ाने के लिए इस प्रकार के प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों को मंच दिया जा सके।





#### क्लास रूम को रेस्टॉरेंट में बदला...

इंटीरियर डिजाइनिंग के द्वितीय वर्ष के छात्रों ने 'पॉप थीम' पर लाइव रेस्टॉरेंट तैयार किया, जिसमें फर्नीचर डिजाइन, फोटो जोन, मॉडल मेकिंग, वॉल पेंटिंग देखने को मिले। 10 छात्रों के समूह ने मिलकर क्लास रूम को एक आकर्षक रेस्टॉरेंट का स्वरूप दिया है, जिसे छात्रों द्वारा डिजाइन किया गया। प्रदर्शनी में दर्शकों के लिए यह आकर्षक का केंद्र है, जहां लोग अपने मनपसंद व्यंजनों का स्वाद लेने पहुंच रहे। इसे तैयार करने में 25 हजार से अधिक खर्च हुए। इसमें कोमल साहू, दीपक देवांगन, तनु पाल, निवेदिता देवांगन, इशिका जैन व अन्य विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

#### डिजाइनर साड़ी संग बोरिंग ब्लाउज

महक गोपालानी ने बताया, नेट वियर में बोरिंग ब्लाउज और साड़ी तैयार की है। तीन मीटर सफेद रंग की डिजाइनर साड़ी के लिए बोरिंग से ब्लाउज तैयार किया, जिसे बीते माह प्रशिक्षकों की सहायता से तैयार किया गया। इसे तैयार करने की लागत 5800 रुपए आई है। इस साड़ी को खास तरह से तैयार किया गया है, जिमसें डिजाइनर ब्लाउज के साथ पल्लू को यूनिक ढंग से तैयार किया गया है।

#### बिना लागत से तैयार किया लहंगा

रिमझिम बघेल ने बताया, यह मेरी मां की साड़ी है। जो बनारस की असली बनारसी साड़ी है, जिसे मेरी मां ने अपनी शादी में पहना था। यादगार और खास बनाने के लिए मां की साड़ी का उपयोग किया, इसे तैयार करने में कोई खर्च नहीं हुआ। साड़ी के बॉर्डर से ही डिजाइन दी और पूरा लहंगा तैयार किया। मास्टर्स की छात्रा रितिका बेहेरा ने बताया, प्रदर्शनी में टेपेस्ट्री फैब्रिक थीम पर कार्य किया गया। इस दौरान मेरे द्वारा एक डिजाइनर हैंडमेड पर्स सेट बनाया गया है। पर्स का हैंडल पल्स की सहायता से तैयार किया, जिसे हैंडमेड बनाया है।

## सिटी लाइव

# शाला प्रवेशोत्सव में पौधारोपण कर बांटे गणवेश और कॉपी-किताब



**रायपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला खमतराई में शनिवार को प्रवेशोत्सव मनाया गया, जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक राजेश मूणत कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान छात्र-छात्राओं को कॉपी-पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया। इसके अलावा स्कूल परिसर में पौधारोपण भी किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि अगले साल जब शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम होगा। तब वे सभी छात्र-छात्राओं को पुस्तकें, पेन-पेंसिल, कंपॉस बॉक्स, स्कूल बैग, टिफिन, पानी की बोतल उपलब्ध कराएंगे। इस अवसर पर उन्होंने शाला परिसर में शेड निर्माण के लिए 25 लख रुपए देने की घोषणा की। छत्तीसगढ़ राज्य के स्कूलों में विश्व स्तरीय शिक्षा मुहैया कराने के लिए सभी स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम और ई-क्लास रूम बनने जा रहे हैं। साथ ही प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा स्कूलों का पीएम श्री योजना के तहत अपग्रेडेशन किया जा रहा है।

### अव्वल आने पर बच्चों को पुरस्कार

विधायक श्री मूणत ने शाला प्रवेशोत्सव के दौरान उपस्थित बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्कूल से 24 छात्र रायपुर जिले में मेरिट पर आएंगे, उनको एक लाख रुपए एवं जो छात्र-छात्राएं स्कूल में प्रथम श्रेणी प्राप्त करेंगे, उन्हें 25 हजार रुपए दिए जाएंगे। शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर वीर शिवाजी वार्ड के पार्षद गोदावरी गज्जू साहू, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, स्थानीय जनप्रतिनिधि गज्जू साहू, मोहन उपारकर, योगेश, आनंद निषाद, जी. स्वामी, जिला शिक्षा अधिकारी विजय खंडेलवाल, स्कूल के प्राचार्य, प्रधान पाठक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## महिलाओं ने शुरू की सावन की खरीदारी, ग्रीन थीम पर होंगे सावन उत्सव

# सावन की थीम पर सजा चूड़ियों और साड़ियों का बाजार, श्रृंगार सामग्री में दिखी प्रकृति की झलक

सावन को हरियाली का महीना कहा जाता है, जो भोलेनाथ को भी प्रिय है। 21 जुलाई को सावन लगने के साथ ही शहर में महिला समूह द्वारा सावन उत्सव मनाया जाएगा, इसके लिए तैयारी भी शुरू हो चुकी है। महिलाएं हरे रंग के पहनावे के साथ हरी चूड़ियां व अन्य श्रृंगार करती हैं।





**रायपुर।** हरे रंग का परिधान धारण करने के साथ हरे रंग के बिंदी, चूड़ी का श्रृंगार कर मनोरंजक खेल भी खेलती हैं, और बेहतर प्रदर्शन करने वाली महिला को सावन क्वीन का ताज पहनाया जाता है। ऐसे में बाजार में महिलाओं की मांग पर हरे रंग की साड़ियों व चूड़ियों का बाजार सजकर तैयार हो चुका है। महिलाओं ने का कहना है कि इस दौरान सभी कार्यक्रमों की थीम ग्रीन ही रहेगी। बाजार में महिलाएं श्रृंगार के सामान और पारंपरिक खेलों का सामान खरीदने पहुंच रही हैं। प्रकृति की विभिन्न रूपों में पूजा की जाती है और खास पौधों, जैसे पीपल, तुलसी और केले के पेड़ को पवित्र माना जाता है। इस प्रकार, हरा पहनना श्रद्धा के कार्य के रूप में देखा जाता है और माना जाता है कि इससे प्रकृति का आशीर्वाद मिलता है।

### सावन उत्सव में लहरिया पैटर्न की साड़ी अच्छा विकल्प



महिलाएं इन प्रतियोगिताओं में हरी साड़ियां पहनना चाहती हैं, जिससे वे ट्रेंडी दिखें। फैशन डिजाइनर आस्था कौर ने बताया कि बाजार में हरे रंग की कई वेराइटीज में साड़ियां उपलब्ध हैं। सावन में या त्योहारों पर कुछ ट्रेडिशनल पहनने का मन हो तो लहरिया स्टाइल बहुत अच्छा ऑप्शन है। इसे सावन में खासतौर से तीज और राखी के त्योहार पर विशेष रूप से पहना जाता है। एथनिक लुक के लिए लहरिया साड़ी बहुत अच्छा ऑप्शन है। मार्केट में लहरिया पैटर्न सलवार सूट की वेरायटीज काफी देखने को मिल रही है। इसे पटियाला सूट या प्लाजो सूट के तौर पर तो पहन ही सकती हैं। इसके अलावा लहरिया पैटर्न लहंगों में भी पसंद किया जा रहा है।

### ग्रीन थीम पर साड़ी व चुनरी चूड़ी समेत कंगन की खरीदारी

महिलाओं के लिए ग्रीन थीम पर साड़ी, चुनरी, चूड़ी, कंगन के साथ अन्य सौंदर्य सामान के सेट दुकानदारों ने सेट किए हैं। कपड़ा दुकान संचालक संगम वर्मा ने बताया कि सावन का महीने में सबसे ज्यादा हरे रंग की सौंदर्य प्रसाधनों की मांग रहती है। वर्तमान में बंधेज, शिफॉन, मूंगा सिल्क, चेक्स, स्टिप, मिरर वर्क, खड़ी जार्जेट, हाफ जार्जेट बंधेज, प्योर जार्जेट बंधेज, खुचा, बिन्नी, एंटीक और हैंडलूम फैब्रिक की साड़ियों को खास पसंद किया जा रहा है। ग्रीम थीम के अनुसार डिजाइनर और अलग-अलग वैरायटीज की हरे रंग की साड़ी सहित चूड़ियां दुकान पर उपलब्ध हैं। पंडरी स्थित साड़ी दुकान के संचालक ने बताया कि सावन में लहरिया साड़ी की डिमांड में है। मौसम में अनुसार महिलाएं हरे रंग की साड़ी ज्यादा ले रही हैं। एक हजार से 30 हजार रुपए तक की लहरिया साड़ी जयपुर से बाजार में पहुंच रही है। सिफोन साड़ी में गोटा पत्ती का वर्क होता है।

### सावन क्वीन के लिए फूल पत्तों और फलों से सजे टियारा

खेलों और मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से समूह के किसी एक सदस्य को सावन क्वीन का खिताब भी दिया जाता है। इसमें विजेता को हरियाली का प्रतीक रंगबिरंगे पुष्पों और फलों का ताज पहनाया जाता है। सौंदर्य प्रसाधन दुकान संचालक ने बताया कि बीते कुछ सालों से सावन महीने में फूल-पत्तों वाले टियारा खूब चलन में है। बड़े फूलों वाले टियारा किसी भी मौके और परिधान पर खूबसूरत लगते हैं। फलों में अंगूर, सेब, संतरा, चेरी आदि फलों के मिलाप से बने टियारा चलन में हैं।

## धर्म लाइव

# महाराष्ट्र मंडल की नई कार्यकारिणी जुलाई में लेगी शपथ, समाज में तैयारी शुरू



**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा जुलाई के प्रथम सप्ताह में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में महाराष्ट्र मंडल की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाएंगे। शनिवार को सुबह महाराष्ट्र मंडल के प्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान श्री शर्मा ने शपथ ग्रहण समारोह की तिथि और समय एक-दो दिन में सुनिश्चित करने की बात कही। मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले, उपाध्यक्ष गीता दलाल, मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन, महाराष्ट्र नाट्य मंडल के निर्देशक प्रा. अनिल श्रीराम कालेले व सहसचिव सुकृत गनोदवाले ने सिविल लाइंस स्थित उप मुख्यमंत्री आवास पर विजय शर्मा का सूत माला और शॉल-श्रीफल से अभिनंदन किया। श्री काले जब महाराष्ट्र मंडल के संदर्भ में जानकारी देने लगे तो उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने मुस्कुराकर कहा कि इस संस्था के बारे में मैं बहुत पहले से जानता हूं और वहां की गतिविधियों से परिचित भी हूं।

### शपथ ग्रहण में शामिल होंगे उप मुख्यमंत्री

श्री शर्मा ने 4 या 5 जुलाई को शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आने की स्वीकृति दी है। इस मौके पर महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले, दिव्यांग बालिका विकास गृह के प्रभारी प्रसन्न निमोणकर, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर, शंकर नगर बाल वाचनालय प्रभारी रेणुका पुराणिक, वरिष्ठजन सेवा समिति के प्रभारी दीपक पात्रीकर, संपर्क समिति प्रभारी प्रशांत देशपांडे, मराठी साहित्य समिति के सहप्रभारी रवि दानसिंह गहलोत, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश कार्यालय मंत्री भावेश भुसारी, शुभम पुराणिक, तनिष्क डोनगांवकर सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ समाजशास्त्रीय एसोसिएशन के वार्षिक सम्मेलन का समापन

# मॉडर्न सोसायटी से ज्यादा ज्ञान रखते हैं आदिवासी शिक्षा और जागरूकता से होगा विकास

**रायपुर।** जनजातीय समुदाय मॉडर्न सोसायटी से ज्यादा ज्ञान रखता है। सहज, सरल प्रकृति के करीब नैसर्गिक जीवन जीने वाले आदिवासी समुदाय का पारंपरिक ज्ञान हमसे ज्यादा उन्नत है। आदिवासी महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए यह आवश्यक है कि उन्हें उच्च शिक्षा के पर्याप्त अवसर मिलें और वे हर क्षेत्र के प्रति जागरूक बनें। यह बातें छत्तीसगढ़ समाजशास्त्रीय एसोसिएशन (सीजीएसए) और पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य विभाग द्वारा संयुक्त रूप से वैश्विक परिदृश्य में आदिवासी महिलाओं की स्थिति पर आयोजित प्रथम वार्षिक सम्मेलन के अंतिम दिन विषय विशेषज्ञों, विद्वानों और शोधार्थियों ने कहीं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि आयोजन समिति के संरक्षक और रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला ने कहा कि आदिवासी समुदाय की महिलाएं सशक्त और आत्मिनिर्भर रहती हैं। देश के विभिन्न राज्यों की आदिवासी संस्कृति का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय की वजह से ही हमारी संस्कृति संरक्षित है। आदिवासी समुदाय का दिल बहुत पवित्र है, उनके भीतर छल-कपट नहीं दिखता। वे प्राकृतिक रूप से सहज और सरल रहते हैं।




### शोधार्थियों ने प्रस्तुत किए शोधपत्र

इंडियन सोशियोलॉजिकल सोसायटी के प्रबंध समिति की सदस्य प्रो. अंशु केडिया ने आदिवासी महिलाओं की स्थिति पर शोधार्थियों द्वारा प्रस्तुत शोधपत्रों की सराहना की। प्रो. श्रद्धा गिरोलकर ने कहा कि हम आदिवासी महिलाओं की बात करते हैं तो निश्चित रूप से वे हमसे बहुत आगे हैं। हम आर्थिक रूप से भौतिक संसाधनों को लेकर उनसे आगे हो सकते हैं, लेकिन उनके विचार हमसे बहुत आगे हैं और वे हमसे बहुत ज्यादा आधुनिक हैं। समारोह के मुख्य अतिथि आयोजन समिति के संरक्षक और रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला ने सत्र अध्यक्षों. विषय विशेषज्ञों, प्राध्यापकों, शोधार्थियों तथा प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए।

### 90 प्रतिशत परिश्रम करते हैं आदिवासी

इंडियन सोशियोलॉजिकल सोसायटी की अध्यक्ष प्रो. मैत्रेयी चौधरी ने ऑनलाइन उपस्थिति दी। रविवि के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य अध्ययनशाला के अध्यक्ष प्रो. एन. कुजूर ने कहा कि जनजातीय जीवन में महिला और पुरुष के बीच कोई अंतर नहीं होता। पुरुषों से कहीं ज्यादा महिलाएं बाजार जाती हैं और अपनी वस्तुओं का विक्रय कर आवश्यक सामग्रियों का क्रय करती हैं। प्रो. कुजूर ने कहा कि जैसे-जैसे विकसित समुदाय के संपर्क में जनजातीय समाज आता जा रहा है, वैसे-वैसे उनके जीवन में समस्याएं ज्यादा आ रही हैं। को-चेयर के रूप में उपस्थित प्रो. पुष्पा तिवारी ने कहा कि वे 10 प्रतिशत सुंदर होंगे, लेकिन 90 प्रतिशत परिश्रम करते हैं और हम 90 प्रतिशत अपनी सुंदरता पर ध्यान देते हैं। उनके पास मॉडर्न सोसायटी से भी ज्यादा ज्ञान होता है। प्रो. नीरजा ने कहा कि मेडिसिन, हर्बल, कृषि आदि क्षेत्रों में जनजातीय वर्ग को हमसे कहीं ज्यादा ज्ञान है और हमें उनसे सीखने की जरूरत है।

## शीतलनाथ जिनालय में विरागमुनि महाराज के प्रवचन

# जब बच्चा पैदा होता है, माता-पिता का जन्म भी उसी दिन होता है

**रायपुर।** राजधानी की पावन धरा पर जिनवाणी की वर्षा के क्रम में शनिवार को दीर्घ तपस्वी विरागमुनि के श्रीमुख से देवेंद्र नगर स्थित शीतलनाथ जिनालय में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने प्रवचन का लाभ लिया। प्रवचन के दौरान उन्होंने कहा कि आज हमारा परिवार साथ रहते हुए भी टूट रहा है। कैसे, यह आप लोग ही बताएं कि क्या आज कोई सपरिवार किसी आयोजन में जाता है। आपके घर कोई निमंत्रण देने आता है तो कार्ड में घर के मुखिया के साथ सपरिवार लिखता है और परिवार के सभी सदस्यों को आमंत्रित करता है, लेकिन उसके कार्यक्रम में जाता कौन-कौन है, घर का केवल एक सदस्य, वह भी पूरे परिवार का प्रतिनिधित्व करते हुए। घर वाले क्यों नहीं आए, पूछने पर उसे झूठ बोलना पड़ता है कि तबीयत बिगड़ गई या दुकान बंद करके आएंगे। यह झूठ बोलना आप अपने बच्चों को सिखा रहे और आप यह उम्मीद करते हो कि वे आपसे सच कहेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चे जब इस दुनिया में आए तो उन्हें दुनिया आपने दिखाई। जो आपने उसे बताया उसने वही सीखा तो उनकी परवरिश आप ही के हाथ में है। जबकि आज मां-बाप को बच्चों की कोई चिंता नहीं है। पहले मां-बाप ने बच्चों को छूट दी और उसके बाद स्कूल के टीचर ने।



### कथा सुनते समय न छोड़ें जगह सुखासन में सुनें भागवत प्रसंग



*श्रीमद भागवत कथा सुनने से पहले यह जानना व बताना जरूरी हो जाता है कि इसे कैसे सुना जाए। इसके बारे में बताते हुए कथावाचक आचार्य शिवेंद्र मणि त्रिपाठी ने कहा कि सुखासन में कथा सुनना सर्वोत्तम होता है। इसी तरह कथा के बीच में अपना स्थान नहीं छोड़ना चाहिए और न ही व्यर्थ के विचार ही मन में लाने चाहिए। भागवताचार्य ने सत्य की महत्ता पर प्रवचन देते हुए कहा कि कथा के प्रारब्ध, मध्य एवं अंतिम भाग में भी सत्य पर ही जोर दिया गया है। इसे हम सभी को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। इसके पहले शनिवार को सुबह भागवताचार्य का स्वागत सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेश शुक्ला, कल्याण प्रसाद पांडेय, राजेश त्रिपाठी, संजय तिवारी और राजेंद्र शर्मा ने किया। इसके बाद भक्तिमय माहौल में कलश यात्रा निकाली गई। इसमें समाज से जुड़े हर वर्ग के लोग शामिल हुए। सिर पर कलश धारण कर क्षेत्र का भ्रमण करती हुई महिलाएं सरयूपारीण ब्राह्मण सभा भवन संजय नगर पहुंची। कथास्थल पर पूजा-पाठ के बाद पहले दिन की कथा महाराज ने श्रोताओं के बीच शुरू की। विष्णुदत्त मिश्रा व रामवती मुख्य यजमान के रूप मौजूद रहे। इस संगीतमय भागवत कथा का सैकड़ों भक्तों ने आनंद लिया।*

## समाज इवेंट

# माहेश्वरी संगठन में छग की महिलाओं का दबदबा, समाज ने दिया कोहिनूर का खिताब



**रायपुर।** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की बैठक वृंदावन में 25 से 27 जून तक संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ प्रादेशिक माहेश्वरी महिला संगठन की मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया, राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक मंगल प्रबोधन 2024 में त्रैमाहिक प्रादेशिक रिपोर्टिंग में छत्तीसगढ़ प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ श्रेणी कोहिनूर (डायमंड केटेगरी) से नवाजा गया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ एवं महामंत्री ज्योति राठी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष शशि गट्टानी व प्रदेश सचिव रूपा मुंदड़ा को स्मृति चिन्ह भेंट कर छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन के पदाधिकारियों को बधाई दी गई।

**अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन की बैठक**

कविता राठी ने बताया कि इस मौके पर संकल्प सिद्धा समिति द्वारा पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां छत्तीसगढ़ बिलासपुर की नमिता राठी को तृतीय एवं राजनांदगांव की श्वेता डागा को पंचम स्थान प्राप्त हुआ। राम जटायु संवाद में मध्यांचल प्रथम एवं लेखन प्रतियोगिता में तारा चांडक को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। जंक फूड नाटिका में पांचवा स्थान प्राप्त हुआ। इस सफलता के बाद छत्तीसगढ़ महिला संगठन की पदाधिकारियों में खुशी की लहर है।

## अमृत ज्ञानगंगा में शामिल लोगों को सुधांशु जी महाराज के आशीर्वचन

**कार्नर न्यूज**

# जीवन में गुरु की सलाह से लिया गया सही फैसला ही हमें बनाता है सफल

**रायपुर।** इस संसार में सबसे बड़ा रिश्ता गुरु और शिष्य का होता है। सही गलत की शिक्षा हमें गुरु से ही मिलती है। इनके मार्ग-दर्शन में लिया गया जीवन का सही फैसला ही हमें सफल बनाता है। कुछ इसी तरह से दो दिवसीय गुरू पूर्णिमा दर्शन महोत्सव की कड़ी में शनिवार की शाम 5 बजे पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित अमृत ज्ञानगंगा में शामिल लोगों को आशीर्वचन देते हुए सुधांशु जी महाराज मुखातिब हुए। उन्होंने आगे कहा कि जीवन मे निर्णय का बड़ा महत्व है। सही निर्णय सही लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता दिलाता है। सही निर्णय लेकर महान कार्य की तैयारी करनी चाहिए। जीवन में हमेशा बड़ा लक्ष्य निर्धारित करके गुरू के मार्ग-दर्शन में निर्णय लिजिए।





### सूर्य को जगाने वाला बनने का...

*स्वयं के लिए नही भगवान के लिए काम करते रहिए, क्या होगा यह भगवान पर छोड़ दिजिए। भगवान पर भरोसा करने से सब निर्णय सफल होता है। अगर किसी काम के लिए निर्णय ले लिया तो इसके बाद परिणाम आने के बाद पछतावा मत किजिए। महाराज ने आशीर्वचन की शुरुआत में प्रार्थना का महत्व बताते हुए कहा कि प्रार्थना का सही तरीका, सही समय जानना जरूरी होता है। ब्रह्म मुहूर्त में प्रार्थना, मंत्र जाप दिन को सार्थक बनाता है। सूर्य को जगाने वाला बनने का प्रयास करें।*

### राष्ट्र गुरु बनने का दिया संकेत

आशीर्वचन में महाराज ने कहा कि धर्म निभाने वाला बनने का प्रयास करें। आप धर्म की रक्षा किजिए तो धर्म आपकी रक्षा करेगा। हमारे सनातन धर्म में विश्व कल्याण का भाव शामिल है। जीयो और जीने दो धर्म का सूत्र है। कोरोना काल में जब वैक्सीन के लिए दूसरे देशों ने मना कर दिया था। तब सरकार ने ना सिर्फ भारत के लिए वैक्सीन बनाया बल्कि मित्र देशों व जरूरतमंद देशों के लिए भी व्यवस्था की। यह राष्ट्र गुरू बनने के लिए भारत का संकेत व मानव कल्याण का भाव था।

### आज परसदा में होगा आयोजन

विश्व जागृति मिशन के मीडिया प्रभारी अश्वनी विग ने बताया कि कल परसदा स्थित ब्रह्मलोक आश्रम में सुबह 9 बजे से आयोजन शुरू होगा। इसमें गुरु दर्शन, चरण पादुका पूजन, गुरु दीक्षा के बाद आशीर्वचन में हजारों लोग शामिल होंगे। वहीं आशीर्वचन सुनने के लिए ऑडिटोरियम में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पत्नी सरिता अग्रवाल के साथ पहुंचे। इसमें रायपुर निगम के सभापति प्रमोद दुबे, रिटायर्ड आईएएस गणेश शंकर मिश्रा भी सपरिवार महाराज से आशीर्वाद लेने पहुंचे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### अंडर-19 क्रिकेट में भिलाई को बढ़त, ओम ने लिए दो विकेट



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर-19 एलिट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट टुर्नामेंट 2024 के चार दिवसीय फाइनल के तीसरे दिन भिलाई की टीम ने बढ़त बनाई हुई है। 08 मई से शुरू इस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की विभिन्न 10 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फायनल मैच 27-30 जून जारी है। तीसरे दिन का मैच प्लेट कंबाइंड तथा भिलाई के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में खेला गया। जिसमें प्लेट कंबाइंड ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।भिलाई ने अपनी पहली पारी में 58.5 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 239 रन बनाये। जिसमें आलोक गुप्ता ने 60 रन तथा इशांत राव ने 55 रनों का योगदान दिया। प्लेट कंबाइंड की ओर से आशीष कोरी ने 5 विकेट हासिल किये। प्लेट कंबाइंड ने अपनी पहली पारी में 72.3 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 197 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से आशीष कोरी ने 48 रन तथा क्षितिज तिवारी ने 37 रन बनाये। वहीं भिलाई की ओर से गर्व कुमार सिंह ने 4 विकेट तथा कुमार इशान ने 3 विकेट चटकाये। वर्षा बाधित तीसरे दिन की समाप्ति तक भिलाई ने अपनी दूसरी पारी में 67 ओवरों में 5 विकेट खोकर 193 रन बना लिये हैं। भिलाई की ओर से गर्व कुमार सिंह ने 50 रन, इशांत राव तथा साहिल रजत शरीफ ने 33-33 रनों का योगदान दिया। वहीं प्लेट कंबाइंड की ओर से रुद्र प्रताप ने 2 विकेट तथा ओम कोशले ने 2 विकेट प्राप्त किए। तीसरे दिन की समाप्ति तक भिलाई ने 235 रनों की बढत हासिल कर ली है।

### रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता 5 जुलाई से



**रायपुर।** राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 का आयोजन सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, रायपुर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में 5 से 7 जुलाई तक सीनियर पुरुष एकल, सीनियर महिला एकल, यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालक एकल, यूथ अंडर-17 (जूनियर) बालिका एकल एवं यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालक एकल, यूथ अंडर-13 (कैडेट) बालिका एकल हेतु कुल मिलाकर 06 वर्गों में प्रतियोगिता होगी। जिसकी प्रविष्टि की अंतिम तिथि 2 जुलाई शाम 07.00 बजे तक है। वहीं 12 से 14 जुलाई तक यूथ अंडर-19 (यूथ) बालक एकल, यूथ अंडर-19 (यूथ) बालिका एकल, यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालक एकल, यूथ अंडर-15 (सब जूनियर) बालिका एकल एवं यूथ अंडर-11 (होप्स) बालक एकल तथा यूथ अंडर-11 (होप्स) बालिका एकल हेतु कुल मिलाकर 06 वर्गों में प्रतियोगिता होगी। जिसकी प्रविष्टि की अंतिम तिथि 9 जुलाई शाम 7 बजे तक है। प्रतियोगिता में राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के रजिस्टर्ड खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर द्वारा वर्ष 2024 में आयोजित रायपुर जिला मानसून लीग टेबल टेनिस प्रतियोगिता एवं रायपुर जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप (दोनों में से किसी भी एक जिला स्तरीय प्रतियोगिता) में भाग लेने वाले पंजीकृत खिलाड़ियों का चयन/प्रविष्टी ही रायपुर में 3 से 6 अक्टूबर 2024 तक आयोजित होने वाली 22वीं स्टेट छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस चैम्पियनशिप 2024 हेतु स्वीकार की जाएगी। जिसमें जिला के अन्य टूर्नामेंट को शामिल नहीं किया जायेगा।

### रायपुर जिला वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप शुरू



**रायपुर।** दो दिवसीय रायपुर जिला वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप खारुन रेल विहार,फाफाडीह, रायपुर में शनिवार से शुरू हुई। इस चैम्पियनिशप में रायपुर जिले से लगभग 100 महिला/पुरुष खिलाड़ी शामिल हो रहे है। रायपुर जिला सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर (बालक/बालिका) (पुरुष/महिला) वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक राजेश मूणत रायपुर पश्चिम विधान सभा ने किया। विशेष अतिथि रज्जन श्रीवास्तव, अवधेश जैन, विरेन्द्र कुमार माहेश्वरी, एवन कुमार जैन, राजेंद्र सिंह यादव, बुधराम सारंग, संगरत्न गेडाम, चैतराम अग्रवाल, राधेश्याम साहू, रुस्तम सारंग,रूपेश राहंगडाले, अजय दीप सारंग, ललित राहंगडाले, दीपक यादव,प्रदीप छत्री, दीपक धीवर, रज्जू कोशले, शशि साहू एवं जिला भारोत्तोलन संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित हुए।

लाइफस्टाइल से लेकर आहार में गड़बड़ी है प्रमुख कारण

# बार-बार आते हैं चक्कर और लेते हैं खर्राटे तो हार्ट में हो सकती है समस्या, इसे कभी न करें अनदेखा

हृदय रोग, वैश्विक स्तर पर असमय मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक माने जाते हैं। आश्चर्यजनक रूप से कम उम्र के लोगों में भी इसका खतरा बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। लाइफस्टाइल से लेकर आहार के चुनाव में गड़बड़ी इन समस्याओं का प्रमुख कारण मानी जाती है। पिछले कुछ वर्षों में कम उम्र के लोगों में भी हार्ट अटैक का जोखिम देखा जा रहा है, जो निश्चित ही चिंता बढ़ाने वाली है। अगर आपके हृदय में कुछ गड़बड़ हो जाए, तो आपको कैसे पता चलेगा? इसके लक्षणों पर ध्यान देकर। पर क्या आप जानते हैं कि हर बार हृदय संबंधी समस्याओं के स्पष्ट संकेत नजर आएं ऐसा जरूरी नहीं है। हार्ट अटैक के मामलों में भी हमेशा ऐसा नहीं होता कि छाती में अचानक दर्द हो और फिर आप जमीन पर गिर पड़ें, जैसा कि फिल्मों में दिखाया जाता हैं। हृदय संबंधी कई लक्षण जरूरी नहीं हैं कि आपकी छाती से संबंधित ही हों। आइए जानते हैं कि हृदय की समस्याओं के किन संकेतों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है जिनपर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरूरत है?



### हृदय रोगों का जोखिम

अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन में हृदय रोग विशेषज्ञ विन्सेंट बुफालिनो कहते हैं हृदय रोगों का जोखिम तब और अधिक हो जाता है जब आप 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के हों, आपका वजन अधिक हो, या आपको मधुमेह, हाई कोलेस्ट्रॉल या उच्च रक्तचाप की समस्या हो। जितने अधिक जोखिम कारकों के आप शिकार हैं, दिल से जुड़ी समस्याओं का खतरा भी और अधिक बढ़ जाता है। पर अब हृदय रोग बढ़ती उम्र से संबंधित ही नहीं रहे हैं, कम उम्र से ही इसके खतरे को लेकर सावधानी बरतते रहने की जरूरत है। आइए जानते हैं कि हृदय रोगों के किन लक्षणों पर गंभीरता से ध्यान देना जरूरी है।

### हाथ-गले या जबड़े में दर्द

गले या जबड़े में दर्द को अक्सर मांसपेशियों की समस्या, सर्दी या साइनस की समस्या मान लिया जाता है। लेकिन अगर आपको सीने के बीच में दर्द या दबाव महसूस हो जो आपके हाथ-गले या जबड़े तक फैल जाता है, तो यह दिल के दौरे का संकेत हो सकता है। इसके अलावा अचानक थकान या घबराहट महसूस होना भी हृदय स्वास्थ्य के लिए अलार्मिंग माना जाता है।



### अक्सर चक्कर आना या कमजोरी महसूस होना

अक्सर चक्कर आना या कमजोरी महसूस होना हृदय संबंधी समस्याओं की तरफ संकेत हो सकता है। वैसे तो बहुत सी चीजें आपका संतुलन खोने या बेहोशी का कारण बन सकती हैं। लेकिन अगर आपको अचानक से अस्थिरता महसूस हो और सीने में तकलीफ या सांस लेने में दिक्कत हो रही हो, तो तुरंत डॉक्टर से मदद लें। डॉ बुफालिनो कहते हैं, इसका मतलब यह हो सकता है कि आपका रक्तचाप कम हो गया है, इससे भी हृदय के लिए दिक्कतें बढ़ने लग जाती हैं।

### खर्राटे की दिक्कत

नींद के दौरान हल्के खर्राटे लेना सामान्य बात है। लेकिन असामान्य रूप से तेज खर्राटे लेना जो हांफने या दम घुटने जैसा लगता है, ये स्लीप एपनिया का संकेत हो सकता है। यह तब होता है जब आप रात में कई बार सोते समय कुछ पलों के लिए सांस नहीं ले पाते हैं। इससे आपके दिल पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। जिन लोगों को स्लीप एपनिया की समस्या होती है उनमें हृदय संबंधित समस्याओं के विकसित होने का जोखिम अधिक हो सकता है। खर्राटे की इस तरह की समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।



# आसान योगासन टीनेजर्स की हाइट बढ़ाने में होंगे मददगार

अपनी टीनेज में हर इंसान एक न एक बार हाइट बढ़ाने के लिए जरूर परेशान होता है। ऐसा इसलिए भी होता है क्योंकि, लंबे लोग हमें ज्यादा अपीलिंग लगते हैं। ये बात कई स्टडी में भी सही साबित हुई है।

एक स्टडी के अनुसार, अच्छी हाइट/ऊंचाई न केवल शारीरिक लाभ प्रदान करती है बल्कि सकारात्मक दृष्टिकोण और हाई आईक्यू से भी इसका सीधा संबंध होता है। आपकी लंबाई आपके आनुवंशिक मेकअप, एक्सरसाइज, पोषण और पर्यावरण की स्थिति जैसे अन्य फैक्टर्स से भी निर्धारित होती है।

हाइट टीनेज के दौरान सबसे तेजी से बढ़ती है। आमतौर पर टीनेज के पूरा होने या 21



वर्ष की उम्र के बाद बंद हो जाती है। यदि आप अपनी टीनेज के दौरान हाइट में मीडियम या कम ग्रोथ का अनुभव कर रहे हैं और अपनी ऊंचाई बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, तो आपको जरूरी कदम उठाना चाहिए।


**ताड़ासन :** बच्चों या किशोरावस्था में अगर बच्चों को ताड़ासन का अभ्यास करवाया जाए तो ये उनकी हाइट बढ़ाने में मदद करता है। सिर से पैर तक खिंचाव देने के कारण ये आसन नसों और शरीर से जुड़ी विभिन्न बीमारियों में भी हमें फायदा पहुंचाता है।



पहली बार ताड़ासन करने पर हो सकता है कि ये आसन आपको कठिन मालूम हो। इसके अलावा संतुलन बनाना भी कठिन हो। लेकिन अपने पैरों के बीच के अंतर को 5-6 इंच रखने पर आपके लिए ताड़ासन के अभ्यास के दौरान संतुलन बनाना आसान हो जाएगा।

**भुजंगासन :** भुजंगासन हमारी पीठ को मजबूत और रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाता है। ये हमारे पाचन और प्रजनन तंत्र को मजबूत बनाता है। इस आसन के नियमित अभ्यास से शरीर का ढांचा सुडौल हो जाता है और हाइट के सही विकास में मदद

# तीन दिवसीय शिविर में युवा सीख रहे कलरिपयतु के गुर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ कलरिपयतु संघ के तत्वावधान में रायपुर जिला कलरिपयतु संघ एवं विवेकानंद मार्शल आर्ट्स फ़िटनेस क्लब के सहयोग से तीन दिवसीय जिला स्तरीय विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन टिम्बर भवन, देवेन्द्र नगर, रायपुर में 29 जून से 01 जुलाई तक किया जा रहा है। इस शिविर की मुख्य कोच दल्लीराजहरा जिला बालोद की राज्य प्रशिक्षक एवं निर्णायक हरबंश कौर हैं।

स्थानीय टिम्बर भवन में शनिवार की शाम शिविर का उद्घघाटन अनिल खोब्रागडे (पूर्व सदस्य-अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन) ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कलारिपयात्तु संघ रायपुर के अध्यक्ष अनीस मेमन ने की। विशेष अतिथि राज्य कलारिपयात्तु कोच हरबंश कौर,सत्यनारायण धनकर और उपेन्द्र जगत उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि इस आयोजन का मकसद आगामी तमाम राष्ट्रीय आयोजनों खेलो इण्डिया, राष्ट्रीय खेल और नेशनल चैंपियनशिप की तैयारियों हेतु एवं अच्छे प्रदर्शन के साथ ही नए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार करना है। उद्घाटन अवसर पर अनिता चौहान, राजकुमार, वैभव साय, आकाश कासू, कु जैस्मिन साहू आदि उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत टिकेश्वरी साहू,दिव्या अग्रवाल,आर्यन पटेल, पल्लवी साहू एवँ हंसा साहू ने किया। कार्यक्रम का संचालन जिला कलारिपयात्तु संघ रायपुर के सचिव अमन यादव ने किया। पहले दिन का बेसिक टेक्निक सेशन हरबंस कौर ने लिया। रविवार 30 जून को सुबह 7 से 10 बजे तक जनरल प्रैक्टिस सेशन होगा। इसके बाद दोपहर में एक बजे से प्रतियोगिता वाले खिलाड़ियों का विशेष सेशन होगा। शाम 5 बजे से पुनः एडवांस तकनीक हेतु सेशन होगा।

उल्लेखनीय है कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के प्रदर्शन के माध्यम से आगामी 06 से 08 जुलाई को कुसमुंडा कोरबा में आयोजित तृतीय राज्य स्तरीय कलारिपयात्तु चैंपियनशिप में भाग लेने वाले रायपुर जिले के दल का चयन किया जाएगा।

# सब्जी देखकर दूर भागते हैं बच्चे तो खिलाएं लौकी डोसा

बच्चे चाहे कितनी बड़े हो जाएं लेकिन खाने को लेकर इनके नखरे हमेशा होते हैं। इसलिए आज एक ऐसी डिश के बारे में जानिए, जिसे खाकर आपके बच्चे भी खुश हो जाएंगे और उन्हें पता भी नहीं लगेगा कि ये डिश लौकी से बनी है।

**विधिः** सबसे पहले लौकी को छीलकर और कद्दूकस कर लीजिए। अगर लौकी में ज्यादा पानी है, तो थोड़ा सा प्रेस करके पानी निकाल दीजिए। अब एक बड़े बाउल में कद्दूकस की हुई लौकी, चावल का आटा, सूजी, दही, हरी मिर्च, हरा धनिया, हल्दी पाउडर, लाल मिर्च पाउडर, और नमक को मिलाकर अच्छे से मिलाइए।

इसके बाद इस बैटर में थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर इसे तैयार करें। बैटर को रेस्ट करने के लिए 15-20 मिनट तक छोड़ दीजिए। इसके बाद एक नॉनस्टिक डोसा तवा को मध्यम आंच पर गरम करें और उसे थोड़ा-थोड़ा करके तेल से लगाइए।

अब तवे पर इस बैटर से डोसा बनाएं। वह सुनहरा और कुरकुरा हो जाए, तो उसे पलट दीजिए और दूसरी ओर से भी सेक लें। जब ये सही से सुनहरा हो जाए तो डोसा से उतार लें। अब इसे सर्विंग प्लेट पर निकालें और टमाटर की चटनी या नारियल की चटनी के साथ परोसें।



कार्नर न्यूज

शादी के बंधन में बंधने का फैसला लेने से पहले खुद की आवाज सुनिए

# शादी होने वाली है तो भारतीय पुरुष ध्यान में रखें जरुरी बातें

भारतीय कानून 21 साल से ज्यादा उम्र किसी भी पुरुष को शादी करने के लिए सक्षम मानता है, लेकिन सच कहा जाए तो, आप तब तक पति बनने के लायक नहीं हैं जब तक आप पूरी तरह से यह नहीं समझ लेते कि आखिर शादी होती क्या है?। आपकी बेहतरी के लिए, जिस महिला से आप शादी करने जा रहे हैं, और जिस समाज में आप अपने बच्चों का पालन-पोषण करेंगे। उनके लिए यहां जरूरी बातें हैं जिनके लिए आपको शादी के बंधन में बंधने का निर्णय लेने से पहले खुद की आवाज सुननी पड़ेगी।

दहेज की मांग हमेशा दुल्हन को 'प्रताड़ित' करके नहीं की जाती। अपनी मांगें रखने के और भी तरीके हैं और भारत में 'लड़के वाले' दहेज लेने को बड़े ही गर्व के साथ बताते हैं। भले ही लड़की का परिवार सहज लगे और अपनी बेटी की खातिर दहेज को 'उपहार' के रूप में देने को तैयार हो, बावजूद इसके आपको इसके खिलाफ खड़ा होना चाहिए। अब समय आ गया है कि हम उन धार्मिक और क्षेत्रीय रीति-रिवाजों से भी छुटकारा पाएं जो किसी भी तरह से दहेज प्रथा को बढ़ावा देते हैं। अगर आप अपने माता-पिता को दहेज लेने से नहीं रोकते हैं तो आप भी इस अपराध में पूरी तरह से भागीदार हैं। भारतीय संस्कृति में यह बात इतनी गहराई से रच-बस गई है कि लड़की के माता-पिता ही शादी का सारा खर्च उठाएंगे; हममें से ज्यादातर लोगों को इस बात का एहसास तक नहीं है कि पहले से ही उन पर कितना दबाव होगा। सिर्फ इसलिए कि आप उनकी लड़की से शादी कर रहे हैं इसका मतलब यह नहीं है आपके दिखावे के लिए अपनी औकात से बढ़कर खर्चा कर दें।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 7987119756

ITR फाईल बनवाएं मात्र 499/-
हमारे TAX EXPERT आपकी मदद हेतु तैयार हैं
TDS रिफंड | GST रजिस्ट्रेशन | इनकम TAX फाइल
प्रोजेक्ट रिपोर्ट | MSME रजिस्ट्रेशन | GST रिटर्न फाइल
CMA DATA | फूड लाइसेंस | BALANCE SHEET
संपर्क- शेखर गुप्ता मो. 93007-55544, 88786-55544
D-6 सेक्टर 2, गुरुद्वारा के सामने देवेंद्रनगर रायपुर

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## मौत के समय दीवालिया हो चुके थे माइकल, अदालत में हुआ खुलासा



माइकल जैक्सन पूरी दुनिया में चैरिटी यानी दान देने के लिए मशहूर थे। वहीं लॉस एंजिल्स की अदालत ने एक दस्तावेज जारी करते हुए बताया कि अपने मृत्यु के समय गायक भयंकर रूप से कर्ज में डूबे हुए थे। उनपर 500 मिलियन डॉलर से ज्यादा का बकाया था। गायक 25 जून 2009 को इस दुनिया को छोड़कर चले गए थे।

माइकल जैक्सन की मौत 50 वर्ष की आयु में लंदन के विस्तारित 'दिस इज इट' रेजीडेंसी की तैयारी के दौरान मृत्यु हो गई थी। जो जुलाई 2009 से मार्च 2010 तक चलने वाली थी। लॉस एंजिल्स की अदालत के दस्तावेज के मुताबिक गायक की संपत्ति लेनदारों के अधीन हो चुकी थी। माइकल जैक्सन ने ऊंचे दरों पर ब्याज ले रखा था।

लॉस एंजिल्स टाइम्स ने बताया कि कोर्ट में प्रस्तुत किए गए दस्तवेजों में अकॉउंटेंट विलियम आर. एकरमैन ने अगस्त 2013 में गलत तरीके से मौत के मुकदमे में एईजी लाइव की ओर से बचाव किया था। एक गवाह के रूप में गवाही देते हुए उन्होंने जूरी सदस्यों को बताया कि जैक्सन ने दान, उपहार, यात्रा, कला के लिए पैसे खर्च किए थे। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया था कि गायक ने गहनों के ऊपर काफी पैसे खर्च किए थे।

माइकल जैक्सन की मृत्यु के बाद ही खबरें आनी शुरू हो गई थी कि वे भारी कर्ज में डूबे हुए थे। कहा जा रहा था कि कर्ज चुकाने के लिए उनकी लंदन की प्रॉपर्टी की नीलामी की जाएगी। कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया है जब माइकल

### टॉलीवुड

## 'गुड बैड अग्ली' का नया पोस्टर जारी, धधकती बंदूकों के बीच राउडी अंदाज में दिखे अजित



साउथ सुपरस्टार अजित इन दिनों अपनी फिल्म 'गुड बैड अग्ली' को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म को लेकर लगातार नई जानकारियां सामने आ रही हैं। अभिनेता पहले ही फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। हाल ही में फिल्म से अजित का पहला लुक सामने आया था, जिसमें वे माफिया डॉन के किरदार में नजर आए थे। वहीं, अब फिल्म का नया पोस्टर जारी हो चुका है, जिसमें अजित का नया अवतार देखने को मिला। 'गुड बैड अग्ली' से अजित कुमार का दूसरा लुक पोस्टर अब सामने आ गया है। कैदी की पोशाक में अजित पृष्ठभूमि में धधकती बंदूकों के बीच खड़े हैं। फिल्म का पहला लुक मई में जारी किया गया था। 2023 में 'थुनिवु' के बाद अजित कुमार अगली बार 'गुड बैड अग्ली' में नजर आएंगे। साउथ स्टार अपने प्रचारक सुरेश चंद्रा द्वारा साझा किए गए दूसरे लुक पोस्टर में शानदार दिख रहे हैं। पोस्टर पर 'गॉड ब्लेस यू मामा' लिखा हुआ था। इसे साझा करते हुए उन्होंने लिखा, 'गुड बैड अग्ली का दूसरा लुक। भगवान आपका भला करे मामा। गुड बैड अग्ली सिनेमाघरों में पोंगल 2025।' 'गुड बैड अग्ली' के नए पोस्टर में अजित जेल के कैदी के रूप में नजर आ रहे हैं, उनके कपड़ों पर कैदी नंबर 63 का टैग है। वहीं फर्स्ट लुक पोस्टर में अजित कुमार रंगीन शर्ट पहने हुए नजर आ रहे थे। उनके हाथ पर टैटू बना हुआ था और उनके सामने बंदूकें रखी हुई थीं। रिपोर्ट्स के अनुसार, अजित फिल्म में तीन अलग-अलग लुक में होंगे। अजित के तीन किरदार फिल्म के नाम 'गुड बैड अग्ली' को दिखाएंगे। ऐसा कहा जा रहा है कि अजित एक नकारात्मक किरदार भी निभा सकते हैं। वहीं उनके एक किरदार काले बाल वाले युवा का होगा।

### भोजपुरी

## 'शहनाई' में पारिवारिक मनोरंजन के साथ होगा इमोशन का तड़का



भोजपुरी फिल्म 'शहनाई' की शूटिंग मुहुर्त के साथ उत्तर प्रदेश के आजमगढ में शुरू हुई। सूरज गिरी के डायरेक्शन में बन रही है यह पारिवारिक फिल्म भावनात्मक रूप से दर्शकों को प्रभावित करेगी, ऐसा फिल्म यूनिट का दावा है। फिल्म के निर्माता गिरिराज सिंह एवं प्रशांत सिंह है। मुख्य कलाकार राजू सिंह एवं श्रुति राव है। इसके अलावा माही जी, जय प्रकाश सिंह, अपर्णा मलिक और कमेडियन साहब लालधारी सिंह भी नजर आएंगे। सहायक निर्देशक के रूप में समीर इनाम अली एवं अजीत सरसोलाल और मुस्कान है। जबकि स्टोरी, स्क्रीन प्ले और डायलॉग मनी भारती का है। इसके मेकपमैन जहां प्रकाश जैसवाल है, वहीं पूरे फिल्म को अपने कैमरे में कैद करने का कार्य जाने माने कैमरामैन प्रमोद पाण्डेय कर रहे है।




लंदन के हाइड पार्क में फैशन वीक में थीम बारिश की थी लेकिन यहां बारिश नहीं हो रही थी। सिर्फ बारिश का एहसास था। यह एहसास कृत्रिम बारिश के जरिए पैदा किया गया। शो शुरू होते ही, टेंट की छत पर कृत्रिम बारिश शुरू हो गई। सारे मॉडल्स बेहद साजवटी छाते पकड़े हुए बाहर निकले, जो बरबेरी कलेक्शन की शानदार एक्सेसरीज, अनूठे रेनकोट और ट्रेंच की याद दिला रहे थे।

## इन चीजों के इस्तेमाल से छुड़ाएं नेल पॉलिश

सोचिए अगर आपको अर्जेंट कहीं जाना हो और नेल रिमूवर खत्म हो जाए तो आप क्या करेंगी। इसके परेशानी के चलते आपको कुछ ऐसी घरेलू चीजों के बारे में जानना चाहिए, जिनका इस्तेमाल आप नेल रिमूवर की जगह कर सकती हैं। इन चीजों के इस्तेमाल के लिए आपको तुरंत बाजार नहीं जाना पड़ेगा।

### गर्म पानी

नेल रिमूवर खत्म होने के बावजूद आप सिर्फ गर्म पानी के इस्तेमाल से भी नेल पॉलिश हटा सकती हैं। इसके लिए आपको बस अपने नाखूनों को गर्म पानी में डूबो कर रखना है। कुछ देर गर्म पानी में नाखूनों को डुबो कर रखने के बाद रुई की मदद से नेल पॉलिश को साफ करें।

### सिरका और नींबू

हर घर में सिरका और नींबू तो मिल ही जाता है, जिसका इस्तेमाल आप क्लींजर के रूप में कर सकती हैं। इसके लिए बस एक कटोरी में सिरका लेकर उसमें नींबू की कुछ बूंदे मिलाएं और इसमें नाखूनों को डुबो कर



रखें। इसके बाद आप रुई की मदद से नेल पेंट को हटा सकती हैं।

### टूथपेस्ट

हर घर में मौजूद टूथपेस्ट दांतों को चमकाने के साथ-साथ नेल पॉलिश हटाने में भी काम आता है। इसके लिए आपको टूथपेस्ट को अपने नाखूनों पर लगाकर रुई की मदद से धीरे-धीरे रगड़ना है। इससे आपके नाखून अच्छे से साफ हो जाएंगे।

### दूसरी नेल पॉलिश

ये सुनने में अजीब लगेगा लेकिन आप अगर अपने नाखूनों से नेल पॉलिश को हटाना चाहती हैं, तो इसके लिए आप दूसरी नेल पॉलिश का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिए बस अपने नाखूनों पर नेल पॉलिश का एक कोट लगाना है, और उसके बाद नेल पॉलिश को पेपर टॉवल से तुरंत साफ करे लें।

## ऑफिस में बिखेरना है जलवा, चुनें ऐसे कपड़े




अगर आपके दफ्तर में भी पार्टी है और आप कपड़ों को लेकर संशय में हैं तो अपना संशय दूर करें। आप पार्टी में तैयार होने के लिए कुछ अभिनेत्रियों के लुक्स पर नजर डाल सकती हैं। इस अभिनेत्रियों से टिप्स लेकर आप आउटफिट की खरीदारी कर सकती हैं।

**जमसूट_** अगर पार्टी में बॉस लेडी लुक कैरी करना चाहती हैं तो इस तरह का जमसूट कैरी करें। ये आपको खूबसूरत के साथ स्टाइलिश दिखने में मदद करेगा। इस लुक के साथ आप हिना खान के जैसी ही पोनीटेल भी बना सकती हैं।

**सीक्विन को-ऑर्ड सेट:** रात की पार्टी मे अगर कुछ शिमरी पहनना चाहती हैं तो ऐसे सीक्विन फैब्रिक का ऐसा को-ऑर्ड सेट आप कैरी कर सकती हैं। इसके साथ आप अगर थोड़ा डार्क मेकअप करेंगी तो भी आपका लुक प्यारा दिखेगा। इसके साथ भी हील्स ही कैरी करें, तभी आपका लुक अच्छा दिखेगा।



**बार्बी ड्रेस:** अगर क्यूट दिखना चाहती हैं तो ऐसी बार्बी लुक वाली ड्रेस को आप पार्टी में पहनकर जा सकती हैं। ऐसी ड्रेस के साथ अपने मेकअप को मिनिमल रखें और बालों को खुला रख के उसपर बो क्लिप लगाएं। ये लुक भी पार्टी के लिए परफेक्ट रहेगा।

**शॉर्ट ड्रेस:** अगर ग्लैरमस अंदाज दिखाना चाहती हैं तो इस तरह की शॉर्ट ड्रेस को अपने कलेक्शन में शामिल करें। अगर आप ऐसी ड्रेस पहनकर पार्टी में जाएंगी तो लोग आपको पलट-पलट कर देखे बिना रह नहीं पाएंगे। इसके साथ हील्स जरूर पहनें और बालों को तो जरूर खुला ही रखें।

**बॉडीकॉन गाउन:** पार्टी में लड़कियों को बॉडीकॉन गाउन पहनना काफी पसंद है। ऐसे में अगर आप चाहें तो इस तरह के प्रिंट वाले गाउन को अपने कलेक्शन में शामिल करें। इस तरह का गाउन देखने में भी काफी प्यारा लगता है।

**साड़ी:** साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे आप सादगी के साथ-साथ ग्लैमरस अंदाज में भी पहन सकती हैं। अगर ऑफिस की पार्टी रात को है, तो आप डार्क रंग की साड़ी को स्टाइलिश ब्लाउज के साथ पहनकर पार्टी में जा सकती हैं। इसके साथ अपना मेकअप थोड़ा ध्यान से करें। अगर आपको लाइट रंग पसंद है तो आप पार्टी में हल्के रंग की साड़ी भी कैरी कर सकती है।

## मानसून सीजन में होंठों पर अच्छे लगेंगे ये लिक्विड लिपस्टिक शेड्स


जब भी हम कहीं बाहर जाने के लिए तैयार होते हैं, तो उसके लिए सबसे पहले मेकअप करते हैं। इसके लिए हम आउटफिट के हिसाब से अपने मेकअप लुक को क्रिएट करते हैं। लेकिन मेकअप पूरा करने के लिए जरूरी है कि आप लिपस्टिक के सही शेड का ध्यान रखें। इससे लुक अच्छा लगेगा।

### पिंक शेड लिक्विड लिपस्टिक

अगर आप न्यूड शेड्स वाली लिपस्टिक लगाना पसंद करती हैं, तो इसके लिए आप लिक्विड लिपस्टिक शेड को अपने लिप्स पर अप्लाई कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग लिपस्टिक के शेड्स मिल जाएंगे, जिसे आप किसी भी कलर की ड्रेस के साथ अप्लाई कर सकती हैं। लिक्विड लिपस्टिक लगाने के बाद आपको कोई ग्लॉस लगाने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। इसे आप रोजाना अपने लिप्स पर अप्लाई कर सकती हैं।

### ब्राउन शेड लिक्विड लिपस्टिक करें ट्राई

अगर आप ब्राउन शेड लिपस्टिक लगाना पसंद करती हैं, तो इसके लिए आप ब्राउन



लिपस्टिक के अलग-अलग शेड्स को ट्राई कर सकती हैं। लिक्विड लिपस्टिक में काफी अच्छे कलर मिल जाएंगे, जो होठों पर लगने के बाद अच्छे लगेंगे। इसके लिए आप लाइट से लेकर डार्क हर कलर की लिपस्टिक ले सकती हैं। मानसून मेकअप लुक के लिए यह अच्छी लगेगी। इस लिपस्टिक कलर को आप ऑफिस में लगा सकती हैं। इससे आपका लुक सिंपल और एलीगेंट लगेगा।

आप अपने लिप्स पर डार्क कलर वाली लिपस्टिक को भी ट्राई कर सकती हैं। यह लिपस्टिक भी लगाने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही इससे लुक अच्छा लगेगा।

## दुल्हन की मां पर अच्छी लगेंगी ये ज्वेलरी शादी में पहनने के लिए देखें डिजाइंस

बेटी की शादी मां के लिए खास होती है। इसलिए वो भी इस दिन का बेसब्री से इंतजार करती है। इसी वजह से वो अपनी बेटी और अपने लिए हर चीज खास होती है।

### साड़ी के साथ पहनें गोल्डन टेंपल ज्वेलरी

कई सारी मां ऐसी होती हैं, जो साड़ी पहनना काफी पसंद करती हैं। यही वजह है कि वो अपनी बेटी की शादी में भी अलग और अच्छी डिजाइन की साड़ी खरीदकर उसे स्टाइल करती हैं। लेकिन इस हैवी साड़ी लुक को कंप्लीट करने के लिए ज्वेलरी भी जरूरी है। ऐसे में आप अपनी मां के लिए गोल्डन कलर की टेंपल ज्वेलरी को खरीद सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी हर साड़ी के साथ अच्छी लगेगी। साथ ही, इसमें आपका लुक भी सबसे अलग नजर आएगा। इसमें आप लॉन्ग नेकलेस सेट भी खरीद सकती हैं। साथ ही, चाहें तो चोकर सेट ले सकती हैं।

### लहंगे के साथ पहनें पर्ल ज्वेलरी सेट

अगर आप लहंगा पहन रही हैं, तो इसके साथ आप स्टोन पर्ल ज्वेलरी को वियर कर सकती हैं। इस तरह की ज्वेलरी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साथ ही, आपके लुक को ज्यादा हैवी टच नहीं देगी। इसमें आप चोकर सेट की जगह लॉन्ग नेकलेस सेट को वियर करें, जो पहनने के बाद अच्छी लगेगी। इससे आपका लुक भी सबसे अलग लगेगा।



### स्टोन वर्क ज्वेलरी सेट करें वियर

बेटी की शादी में सुंदर दिखने के लिए आप स्टोन वर्क ज्वेलरी सेट को साड़ी और लहंगा दोनों के साथ वियर कर सकती हैं। इसमें आपको पूरे सेट में स्टोन वर्क मिलेगा। वहीं नीचे की तरफ की लटकन में पर्ल का डिजाइन मिलेगा। इयररिंग्स भी थोड़े लंबे मिलेंगे। इससे आपका पूरा सेट और लुक दोनों अच्छे लगेंगे।

### कार्नर न्यूज

### कॉकटेल पार्टी का इनविटेशन आया है तो कपड़े चुनें जतन से

## कॉकटेल के लिए कैसे हों तैयार कि आप बन जाएं पार्टी की शान

*ये वो टिप्स हैं जो कॉकटेल पार्टी के लिए सही से तैयार होने में आपकी पूरी मदद करेंगे। आप इन कपड़ों में परफेक्ट दिखेंगे और पार्टी की शान बन जाएंगे। इस बात की गारंटी है। कॉकटेल पार्टी के लिए कैसे होने चाहिए कपड़े, जानते हैं- कॉकटेल अटायर आम तौर पर कॉकटेल पार्टी, शाम के इवेंट, रिसेप्शन और डिनर डेट पर पहनते हैं।*



### `फैब्रिक के बारे में सोचिए

वेलवेट और सिल्क जैसे फैब्रिक कॉकटेल पार्टी में अच्छे लगते हैं। इस पर कुछ खास तरह के चेक हों तो और अच्छा है।

### कैजुअल पहन सकते हैं लेकिन खास तरह से

कॉकटेल पार्टी में पूरी तरह से फॉर्मल कपड़े ही पहनने होते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है कि कैजुअल पहनेंगे तो दिक्कत होगी। बस इसे खास तरह से पहनना होगा। जैसे आप टीशर्ट पहन सकते हैं लेकिन कोट के अंदर। डेनिम को भी इसी तरह ड्रेस में शामिल किया जा सकता है।

### कलर का रखें ध्यान

ज्यादातर बार कॉकटेल पार्टी के लिए रंग का इनविटेशन में ही बता दिया जाता है। लेकिन फिर भी आपको रंग का इस्तेमाल करना ना समझ आए तो आप उन रंगों को एसेसरीज में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। आपको कपड़ों के रंग भी गहरे और थोड़े रिच ही चुनने होंगे। मिडनाइट ब्लू भी एक अच्छा ऑप्शन होता है, इस कलर में फोटो भी अच्छी आती है। आप अंदर सफ़ेद टी शर्ट भी पहन सकते हैं। ये लुक तेज रोशनी में बहुत अच्छा लगेगा।

### साफ-सफाई है जरूरी

आपने कितने भी अच्छे कपड़े पहने हों लेकिन आपने इनकी साफ-साफी अपर ध्यान नहीं दिया है तो आपकी साड़ी मेहनत बेकार ही जाएगी। इसलिए कड़े वही चुनें जो साफ़ हों और जिनमें अच्छे से क्रीज बनी हो।